

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024 | वर्ष: 01, अंक: 232, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने पहली बार पीएम मोदी से मुलाकात की

एजेंसी

**नई दिल्ली** । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों की शिष्टाचार मुलाकात पीएम आवास पर हुई। इसकी तस्वीर प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने पहली बार पीएम मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, %%आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।'

दिल्ली के सीएम पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने के बाद 21 सितंबर को आतिशी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्हें उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। आतिशी कालकाजी सीट से विधायक हैं और दिल्ली



सरकार के कई विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। शपथ लेने के साथ ही आतिशी दिल्ली की कुर्सी पर विराजमान होने वाली तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी। आतिशी से पहले स्वर्गीय सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। आतिशी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय, मुकेश अहलावत, इमरान हुसैन, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत ने मंत्री पद की शपथ ली थी। आतिशी के मंत्रिमंडल में मुकेश अहलावत नया नाम है। बाकी, चार केजरीवाल सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। लेकिन, जमानत के दौरान केजरीवाल पर कई प्रतिबंध भी लगाए गए थे।

जैसे कि वह सीएम दफ्तर नहीं जा सकते हैं, किसी फाइल पर साइन नहीं कर सकते हैं, साथ ही केस के बारे में कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं। जमानत मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अगर जनता मुझे ईमानदार मानती है और दोबारा चुनती है, तो मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा।

## हिंसा फैलाने वालों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई : प्रियंका

एजेंसी

**देहरादून**। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के बहराइच में हिंसा की वारदात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि कानून किसी को हाथ में नहीं लेना चाहिए और हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि हिंसा करने का अधिकार किसी को नहीं है लेकिन प्रशासन को भी इस मामले में सक्रिय बनने और जनता को विश्वास में लेकर दोषियों के विरुद्ध सखूती से काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, बहराइच, उत्तर प्रदेश में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित एक्शन लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो श्रीमती वाड्रा ने



कहा, जनता से मेरी करबद्ध अपील है कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें और शांति बनाए रखें।

## वाइस एडमिरल कविता सहाय ने डीजी चिकित्सा सेवा (नौसेना) का कार्यभार संभाला

एजेंसी

**नई दिल्ली**। सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय ने सोमवार को नई दिल्ली में महानिदेशक चिकित्सा सेवा (नौसेना) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने पैथोलॉजी में विशेषज्ञता हासिल की है और वे नई दिल्ली के एम्स से ऑन्को पैथोलॉजी में सुपर स्पेशलाइज्ड हैं।

फ्लैग ऑफिसर को 30 दिसंबर, 1986 को सेना चिकित्सा कोर में कमीशन दिया गया था। प्रतिष्ठित सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय पुणे की पूर्व छात्रा कविता सहाय आर्मी रिसर्च और रेफरल अस्पताल तथा बीएचडीसी में प्रोफेसर और लैब साइंसेज विभाग की प्रमुख रही हैं। वह पुणे के सशस्त्र सेना मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी विभाग में भी प्रोफेसर



रही हैं। यह पदभार संभालने से पहले वह आर्मी मेडिकल सेंटर की पहली महिला कमांडेंट थीं। वह सेना चिकित्सा कोर की कर्नल कमांडेंट के रूप में चुनी जाने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। उन्हें 2013-14 में फिलाडेल्फिया, यूएसए से मेडिकल शिक्षा के उन्नयन के लिए प्रतिष्ठित फाउंडेशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ इंटरनेशनल मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया था। विशिष्ट सेवा के सम्मान में फ्लैग ऑफिसर को 2024 में सेना पदक और 2018 में विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2008 और वर्ष 2012 में दो बार सेना प्रमुख और 2010 में जीओसी-इन-सी (डब्ल्यूसी) की ओर से उनकी सराहना की गई है।

## महाराष्ट्र के मंत्री हसन मुश्रीफ ने सलमान खान के लिए सुरक्षा की मांग की

एजेंसी

**कोल्हापुर**।राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के मंत्री हसन मुश्रीफ ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी के सहयोगी बाबा सिद्दीकी की जघन्य हत्या की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार को बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और उनके भाई को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए।

पत्रकारों से बात करते हुए श्री मुशरिफ ने कहा कि बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या के बाद सलमान खान और उनके परिवार के सदस्यों के लिए खतरा बढ़ गया है क्योंकि कथित हत्यारों ने हत्या के लिए पीड़ित की अभिनेता के साथ दोस्ती को जिम्मेदार ठहराया है। गौरतलब है कि बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात मुंबई में निर्मल नगर में कोलगेड ग्राउंड के पास उनके विधायक बेटे ज़रशान सिद्दीकी के



कार्यालय के बाहर तीन अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि एक फरार है।

## सेना प्रमुख जापान की चार दिन की यात्रा पर

एजेंसी

**नई दिल्ली**। थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सोमवार को जापान की चार दिन की यात्रा पर रवाना हो गये।

सेना के प्रवक्ता ने बताया कि जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज के साथ बातचीत करेंगे और उसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारत-जापान संबंधों पर चर्चा में शामिल होंगे। मंगलवार को वह इचिगया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत में शामिल होंगे। इस चर्चा का उद्देश्य भारत और जापान के बीच मजबूत सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है। जनरल द्विवेदी रक्षा मंत्रालय, इचिगया में स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उन्हें जेजीएसडीएफ द्वारा गार्ड



ऑफ ऑनर दिया जाएगा। यात्रा कार्यक्रम में जेजीएसडीएफ के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत और राष्ट्रीय रक्षा अध्ययन संस्थान का दौरा भी शामिल है। जनरल द्विवेदी बुधवार को जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोरिशिता यासुनोरी के साथ फ़ूजी स्कूल का दौरा करेंगे, जहां वह फ़ूजी के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल कोडामा यासुयुकी के साथ बातचीत में शामिल होंगे। उन्हें स्कूल में एक ब्रीफिंग दी जाएगी और वह एक उपकरण तथा सुविधा प्रदर्शनी भी देखेंगे।

यात्रा के अंतिम दिन गुरुवार को सेना प्रमुख हिरोशिमा का दौरा करेंगे, जहां वह हिरोशिमा पीस पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

उनकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने के अलावा भारत और जापान की सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना है।



# इफको फूलपुर में दशहरा मेला हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया

मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर।** इफको में दशहरा मेला कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इफको(इकाई प्रमुख) फूलपुर संजय कुदेशिया द्वारा श्रीराम मंदिर में तथा कार्यक्रम स्थल में विधि-विधान से पूजा पाठ से शुरू हुआ। इस दौरान संक्षिप्त रामायण का चित्रण किया गया जिसमें विशेषतः राम-रावण युद्ध को दर्शाया गया। इफको घियानगर कालोनी में राम,लक्ष्मण,रावण हनुमान व अन्य पात्रों की भव्य शोभा यात्रा श्रृंगार चौकी हाथी,घोड़ा व ऊंट पर निकाली गई जो कि



विशेष आकर्षण का केंद्र रही` इसके पूर्व माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई तथा ह्यसिंदूर खेला' में सिन्दूर खेल कर भाव पूर्ण विदाई दिया `मुक्तांगन मैदान में रावण का पुतला दहन किया गया तथा भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इफको (इकाई प्रमुख) फूलपुर संजय कुदेशिया ने अपने संदेश में घियानगरवासियों को दशहरे पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने संक्षिप्त रामलीला में भाग लेने वाले सभी पात्रों को पुरस्कार तथा रावण का अभिनय निभाने वाले मनोज यादव को विशेष पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन इफको रिक्रिएशन क्लब के सचिव डी.के.शुक्ला ने किया। इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय वैश्य, महाप्रबंधक क्रमशः एम.डी.मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी, पी.के.सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, पी.के. वर्मा, ए.के.गुप्ता विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम्‍ प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव तथा बड़ी संख्या में इफको घियानगर के लोगों ने सपरिवार दशहरे पर्व का आनंद लिया।

## महिला पुलिसकर्मियों ने 1090 के बारे में महिलाओं को किया जागरूक



सबसे तेज प्रयागराज

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया।

## राधानगर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज



**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना राधानगर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त मनोज कुमार द्विवेदी उर्फ बबलू पुत्र राममनोहर द्विवेदी निवासी राधानगर रामदरबार के सामने थाना राधानगर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

## औंग पुलिस द्वारा दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज



**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना औंग पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बधित वांछित अभियुक्त विजय उर्फ कल्लू पुत्र रंजीत निवासी ग्राम होलापुर थाना औंग जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

## पुलिस अधीक्षक ने रामकोला क्षेत्र में पैदल किया गस्त



सबसे तेज प्रयागराज

**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में दुगार्पूजा विसर्जन के दुष्टिगत पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना रामकोला क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त करते हुए साहबगंज घाट का निरीक्षण किया गया एवं आयोजकों से वार्ताकर स्थिति की जानकारी ली गयी तथा ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को मूर्ति विसर्जन को सकुशल संम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहें हैं। साथ ही साथ जनपद में ड्रोन कैमरे से भी सतत निगरानी की जा रही है।

## 25 हजार का इनामिया पुलिस के हत्थे चढ़ा

सबसे तेज प्रयागराज




**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना खागा पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए का इनामिया गैंगस्टर एक्ट थाना सुल्तानपुर घोष का वांछित अभियुक्त बीर सिंह यादव उर्फ लोटन पुत्र श्री इंदल सिंह निवासी ग्राम धर्मदासपुर थाना थरियांव जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः

प्र0नि0 तेजबहादुर सिंह थाना खागा. उ0नि0 प्रवीण कुमार. हे0का0 ओम तिवारी।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी।** डीएम मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ के साथ स्वास्थ्य विभाग की बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने मातृ मृत्यु शिशु दर में कमी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने डिप्टी सीएमओ द्वारा भी इसकी लगातार मॉनीटरिंग करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि हाईरिस्क प्रेगनेन्सी चिन्हित कर



उसकी सूची बनायें। इसकी लगातार मॉनीटरिंग की जाय। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु की जो भी सूचना प्राप्त हुई है, उन सभी का ऑडिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाय। उन्होंने कहा कि आशा एवं ऑगनबाड़ी मिलकर काम करें, इसके लिए उनकी ट्रेनिंग कराकर उन्हें जागरूक भी किया जाय। उन्होंने कहा कि आरबीएसके की टीम लगातार फील्ड में भ्रमण कर कार्य करें। इसके साथ ही सैम/मैम बच्चों की भी निगरानी करते रहें। जहॉ कही भी चिकित्सक उपलब्ध न हों, आरबीएसके की टीम द्वारा ओपीडी भी किया जाय।

# आपरेशन शील्ड के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक

सबसे तेज प्रयागराज

**बाराबंकी ।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति फेज- 05ह्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से




संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन शील्ड के तहत एसिड की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु दुकानों पर चेकिंग की गई ।

# पुलिस कस्टडी में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

## दो दिन पूर्व पड़ोस की नाबालिग युवती को लेकर फरार हुआ था युवक। पुलिस ने युवक व किशोरी को चंडीगढ़ से किया था बरामद। बरामद प्रेमियों को अपने घर ले गया था दरोगा

संजीव विश्वकर्मा
सबसे तेज प्रयागराज

**बिजनौर!** स्योहारा दो दिन पूर्व पड़ोस की नाबालिक लड़की को लेकर फरार हुए युवक की दरोगा के घर पर मौत हो गई । युवक की मौत से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया ।वही युवक की मौत की सूचना मिलने पर मृतक युवक के परिजनों में भी कोहराम मच गया । सुरक्षा की दृष्टि से थाने पर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई । मृतक युवक के पिता ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई ।थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडाखेड़ी निवासी दीपक पुत्र अरविंद कुमार (19) वर्ष दो दिन पूर्व दशहरा के अवसर पर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक लड़की को लेकर फरार हो गया था । किशोरी के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्री की बरामद की की मांग करते हुए युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस युवक के घर पहुंची और उसके परिजनों से युवक के बारे में जानकारी की। लेकिन युवक घर से फरार था । जिसके बाद पुलिस ने रविवार को फरार युवक व किशोरी को चंडीगढ़ से बरामद




कर लिया। दोनों की बरामदगी होने के बाद मामले की विवेचना कर रहे थाने में तैनात दरोगा सुनील कुमार दोनों को थाने ना लाकर अपने जनपद शामली में अपने घर पर ले गया। जहां पर युवक की मौत हो गई । घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया । जिसके बाद सोमवार की सुबह मृतक युवक के परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया । समाचार लिखे जाने तक सुरक्षा की दृष्टि से थाने पर भारी पुलिस फोर्स तैनाती थी।

**दोनों प्रेमियों को स्कूल में हुआ था एक दूसरे से प्रेम**

दीपक अपने मां-बाप के दो बेटों में से बड़ा बेटा था। इसी वर्ष उसने ग्राम गल्लाखेड़ी के इंटर कॉलेज से 12वीं की कक्षा पास की थी ।उसी स्कूल में पढ़ने वाली एक लड़की से उसे प्रेम हो गया था और दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई थी । बीते दशहरा को दीपक अपनी नाबालिक प्रेमिका को लेकर घर से फरार हो गया था । प्रेमिका के परिजनों द्वारा पुलिस को तहरीर देने के बाद पुलिस ने दोनों को चंडीगढ़ से बरामद कर लिया था ।

**दीपक के पिता ने लगाया पुलिस पर हत्या का आरोप**

दीपक की मौत की सूचना मिलने के बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया। जब एक पिता को पता चला कि जो पुत्र दो दिन पूर्व घर से चला गया था ।उसकी मौत हो चुकी है तो वह इस सदमे को बर्दाश्त ना कर पाया । परिजनों द्वारा सांत्वना देने के बाद मृतक दीपक के पिता ने पुलिस पर उसके पुत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि दो दिन तक पुलिस उनके पुत्र की तलाश में घर पर दबिश दे रही थी । लेकिन आज जब उनके पुत्र की मौत हो चुकी है तो पुलिस ने कोई जानकारी उन्हें नहीं दी । अन्य लोगों से ही उसे अपने पुत्र की मौत की सूचना मिली ।

**मृतक युवक के परिजनों की गैर मौजूदगी में पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम**

मृतक दीपक की मौत के बाद जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ था तो वहीं दूसरी ओर पुलिस ने उनकी गैर मौजूदगी में ही दीपक को पोस्टमार्टम के लिए ले गए। इसके बाद मृतक दीपक के परिजन भारी संख्या में स्थानीय थाने पर पहुंच गए जहां पर उन्होंने दीपक की हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की ।

## बलीपुर गांव का माहौल शांत, ग्रामीण दिखे अपने काम पर

सबसे तेज प्रयागराज

**कौशाम्बी।** 2 दिन पहले मूर्ति विसर्जन को लेकर बलीपुर गांव में हुए विवाद का माहौल शांत दिखाई पड़ा, वहीं ग्रामीण अपने-अपने काम करते दिखाई पड़े।

याद दिला दे कि मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर नारा गांव में माँ दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने विवाद कर दिया। इससे दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। बवाल की सूचना पर जिले के कप्तान ने मोर्चा संभाला तो विवाद थम गया। एहतियात के तौर पर गांव में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर नारा में नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा प्रतिमा को स्थापित किया गया था। शनिवार को मूर्ति विसर्जन करने के लिए जब भक्त जा रहे थे, तभी वर्ग विशेष के मोहल्ले में पहुंचते ही दूसरे समुदाय के लोगों से विवाद कर दिया। दोनों पक्षों में विवाद होने से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी होने पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन विवाद को सुलझाने में नाकाम रहे। सूचना मिलने के बाद एसपी बृजेश श्रीवास्तव भी पहुंच कर मोर्चा संभाला लिया। दोनों पक्षों के संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता कर शांति व्यवस्था कायम कराते हुए बड़ी घटना को रोक दिया। हालांकि शांति व्यवस्था को लेकर गांव में अभी भी पुलिस फोर्स तैनात है।

## दारानगर का मेला शांतिपूर्ण ढग से संपन्न



सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी ने रविवार को नगर पंचायत क्षेत्र के दारानगर कस्बे में 245 वें ऐतिहासिक मेले के द्वितीय दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।श्री रामलीला कमेटी दारानगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में द्वितीय दिवस पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर केशरवानी ने किया।इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा सहित अन्य लोगों द्वारा चेयरमैन प्रतिनिधि का भव्य स्वागत सम्मान किया गया।चेयरमैन प्रतिनिधि ने कमेटी के सदस्यों का आभार जताते हुए मेले के शानदार व सफल आयोजन की बधाई दी।इस अवसर पर बच्चा केशरवानी, नीरज केशरवानी, अरविंदमणि तिवारी, सोनू मोदनवाल, पतन अवस्थी, मिंटू श्रीवास्तव, गणेश केशरवानी, मुन्नू मौर्या , उमेश पटेल, श्यामू अग्रहरि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 5 साल के बच्चे को ट्रक ने रौंदा, स्योहरा थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, मदरसे से पढ़ाई करके घर लौट रहा था मासूम




सबसे तेज प्रयागराज

**बिजनौर !** स्योहारा थाना क्षेत्र में आज सुबह मदरसे से पढ़कर लौट रहे 5 वर्षीय मासूम को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं वारदात को अंजाम देकर मौके से भागने का प्रयास कर रहे ट्रक चालक को राहगीरों ने दौड़कर पकड़ लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के चालक के हिरासत में लिया और बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।जानकारी के अनुसार फैजुल्लापुर का रहने वाला अल्फेज (5) घर के पास ही स्थित मदरसे में पढ़कर वापस लौट रहा था। नूरपुर रोड पर रेलवे फाटक के पास तेज रफ्तार ट्रक उसे रौंदते हुए निकल गया। अल्फेज की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में लिया। वहीं पुलिस की सूचना पर बच्चे के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और चालक भी हिरासत में है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हजारों करोड़ रुपये के निवेश से बदलेगी राजस्थान में नगरीय विकास की तस्वीर एवं तकदीर

**जयपुर। राजस्थान के शहरी** विकास की दिशा में सोमवार, 14 अक्टूबर का दिन खास होगा। जयपुर के होटल आईटीसी राजपूताना शेरेटन में सोमवार को प्रातः 9 बजे राइजिंग राजस्थान के तहत नगरीय विकास विभाग की प्री–इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में किया जाएगा।

## जेठवारा रोड पर गश खाकर गिर युवक, मौत, विगत कई दिनों से बुखार से ग्रसित था मृतक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** जेठवारा रोड़ पर हनुमान चौराहे के समीप रविवार को एक युवक गश खाकर गिर गया वहां पर मौजूद परिचित लोग उसे आनंन
फानन में इलाज के लिए ले जाया गया कहा चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया ।
घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो वह पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर देर रात पुलिस को सूचना दिए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया।
लालगोपालगंज कस्बा क्षेत्र के लाल बाबा का पुरा निवासी इनामुल हक (35) पुत्र अनवारुल हक दो भाइयों में छोटा था। खेती किसानी कर परिवार चलता था। बताया जाता है कि विगत कई दिनों से वह बुखार से ग्रसित था। रविवार की शाम वह कस्बा स्थित बाजार किसी काम से आया हुआ था। वह हनुमान चौराहे के पास अचेत होकर अचानक गिर गया। युवक को गिरा देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पहचान होने के बाद उसके परिजनों और रिश्तेदारों को सूचना दी गई परिजन उसका सब ले जाकर पुलिस को सूचना दिए बगैर आधी रात को ही अंतिम संस्कार कर दिया।

## थानाध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** स्योहारा थाना क्षेत्र से किशोरी को भगाने वाले युवक की मौत मामले में एसपी ने स्योहारा थाने के थानाध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। पूरे मामले की जांच एसपी पूर्वी को सौंप दी गई है स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव मुंडाखेड़ी का रहने वाला 20 वर्षीय दीपक अरविंद सैनी का पुत्र था। शनिवार दशहरा के दिन पड़ोस के गांव की ही एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। अगले ही दिन, यानी रविवार को किशोरी के परिजनों ने थाने पहुंचकर दीपक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया।मामले की जांच उप निरीक्षक सुनील कुमार को सौंपी गई। उप निरीक्षक सुनील, मुख्य आरक्षी राजीव और महिला सिपाही अन्नू के साथ किशोरी को ढूंढने के लिए निकल पड़े। पुलिस टीम के साथ किशोरी के परिजन भी गए। अंबाला पहुंचने पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया और दीपक को हिरासत में ले लिया।पुलिस की टीम जब वापस लौट रही थी, तो उप निरीक्षक सुनील अपने घर शामली में रुक गए। सोमवार की सुबह उप निरीक्षक सुनील के घर पर ही दीपक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह खबर जैसे ही दीपक के परिजनों तक पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे मौत के कारणों पर सवाल उठा रहे हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अभिषेक झा ने त्वरित एक्शन लेते हुए स्योहारा थानाध्यक्ष उप निरीक्षक अवनीत मान, उप निरीक्षक सुनील, मुख्य आरक्षी राजीव और महिला सिपाही अन्नू को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

## चौराहों, बाजारों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर डीएम एसपी ने पैदल गश्त किया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** सोमवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा आमजन मानस व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अजय कुमार त्रिपाठी व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## गुमशुदा को मात्र 7 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों के किया गया सुपुर्द



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** को थाना बड्डूपुर निवासी द्वारा अपने पुत्र के घर से कहीं चले जाने के सम्बन्ध में थाना बड्डूपुर पर गुमशुदगी दर्ज करायी गयी।
पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा उक्त गुमशुदा को सकुशल बरामदगी के आदेश पर सर्विलांस सेल व थाना बड्डूपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त गुमशुदा को 07 घण्टे के अन्दर जनपद लखनऊ से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिवारिजन द्वारा उक्त गुमशुदा को पाकर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जाहिर की।

## मैलहन रामलीला भारत मिलाप के साथ संपन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर ।** फूलपुर क्षेत्र की प्राचीन रामलीलाओं में फूलपुर नगर पंचायत के बाद मैलहन की ही रामलीला का क्रेज रहता था। अब तो गांव-गांव रामलीला हुआ करती है। स्वर्गीय ओंकारनाथ वैध जिनको रामायण का ज्ञान बहुत गहराई से था तथा रामायण पाठ करने में निपुण थे, द्वारा मैलहन की रामलीला का मंचन आजीवन अपने निर्देशन में किया करते थे, घर के बुजुर्ग से लेकर युवा तक का पाठ हुआ करता था। तो गांव मोहल्ले के दो दर्जन से अधिक युवा व वृद्ध उक्त रामलीला के मंचन में लगे रहते थे। इसी क्रेज के चलते बड़े-बड़े नेता रामलीला मंचन देखने आते थे। इस परिवार के बड़ो वृद्ध घनश्याम दुबे के निर्देशन में उक्त रामलीला आज भी जनपद में अपना क्रेज रखती है। बीती शाम भरत मिलाप का रोमांचक आयोजन हुआ दिन में मेला लगा जिसमें राम रावण युद्ध का प्रदर्शन किया गया। जिसमें शिवाजी दुबे व श्याम जी दुबे उमाकांत दुबे रोहित दुबे सियाराम मिश्र हिमांशु दुबे राम जी पप्पू राकेश मनोज गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्राएं शिक्ष□ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लें : पंकज जायसवाल

## आर्य कन्या पीजी कॉलेज में स्नातक कक्षाएं ओरिएंटेशन के साथ शुरू

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** आर्य कन्या पीजी कालेज मुट्ठीगंज में बीए और बीकाम प्रथम वर्ष की कक्षाओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम सोमवार को यज्ञ के साथ शुरू किया गया। शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने छात्राओं को अध्ययन के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेने की प्रेरणा दी, ताकि वह सर्वगुण संपन्न बन सकें। आर्य कन्या पीजी



कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अर्चना पाठक ने छात्राओं का परिचय सभी विभागों के शिक्षकों से कराते हुए उन्हें नियमित उपस्थिति और सतत अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया। महाविद्यालय की सलाहकार डा. ममता गुप्ता ने अनुशासन और समयबद्धता के महत्व पर बल दिया, जबकि उपप्राचार्या प्रो. इभा सिरोठिया ने छात्राओं को संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# डीएम ने प्रवर्तन कार्यों में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर सभी ईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिये निर्देश

## लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाये जाने पर अधिशासी अभियंता सिंचाई को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।
जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग, खनन, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन एवं परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष प्रवर्तन कार्यों में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी ईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दियें। उन्हांने लक्ष्य के सापेक्ष वसूली बेहद कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता सिंचाई को



प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने बाजारों में हो रहें पॉलीपीथन बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को लगातार छापेमारी की कार्यवाही कर पॉलीथीन बिक्री पर रोक लगाने एवं राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दियें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी तरह के अवैध आरा मशीनों का संचालन न होने पाये।
जिलाधिकारी ने मण्डी समिति की समीक्षा के दौरान मण्डी समिति-अजुहा, मंझनपुर एवं भरवारी को राजस्व वसूली के कार्यों की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगले माह में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करना सुनिश्चित करें, लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेंगी।
जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को साप्ताहिक समीक्षा करते हुए मुख्य देय एवं विविध देय वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आर0सी0 वसूली की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को आर0सी0 वसूली में प्रगति तथा तहसील के बडे बकायेदारों की आर0सी0 वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय, किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्हांने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को स्वयं देखकर उनका निस्तारण करें, किसी भी स्तर पर शिकायतों को लम्बित न रहने दें एवं शिकायतकर्ता से वार्ता कर फीडबैक अवश्य लें।

# इन्सान के विचार अच्छे रहे तो उसे प्रगति से कोई नहीं रोक सकता- जिला मंत्री

## अपने जैसा ही दूसरों का दु:ख समझना ही इन्सानियत है।दया,प्रेम सहानुभूति ही मानव का मानवियत है

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** इन्सान के विचार अच्छे रहे तो उसे प्रगति से कोई नही रोक सकता यह अभिव्यक्ति एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने गुलाब जायका के प्रोपराइटर गुलाब जायसवाल से उनके निज रेस्टोरेन्ट गुलाब जायका श्रृंगवेरपुर हाइवे के नीचे सोरांव प्रयागराज में कही।स्पष्ट कराते चले कि जिला मंत्री एवं रेस्टोरेन्ट प्रोपराइटर श्री जायसवाल के बीच बहुत ही घनिष्ठ मैत्रिक एवं पारिवारिक रिश्ते हैं और जिला मंत्री जब भी सोरांव एवं मऊआइमा की ओर निकलते हैं तो प्रोपराइटर श्री जायसवाल से बिना मिले आगे नही बढ़ते।जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन्सान के विचार अच्छे रहे तो उसे प्रगति से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि अच्छे विचार मनुष्य को मानवता के गुणों से परिलक्षित करते हैं।जिला मंत्री ने आगे यह भी



कहा कि गुलाब जायका प्रोपराइटर श्री जायसवाल निहायत ही ईमानदार एवं सत्य पथगामी हैं एवं दूसरों के दुःख दर्द को अपना ही दुःख दर्द समझकर उसके निवारण हेतु सतत प्रयासरत रहते हैं।जिला मंत्री ने अपने कावित्य तथ्य में कुछ यूँ भी कहा कि अपने जैसा ही दूसरों का दुःख समझना ही इन्सानियत है, दया,प्रेम,सहानुभूति ही मानव का मानवियत है।प्रोपराइटर श्री जायसवाल के गुलाब जायका रिस्टोरेन्ट में सभी प्रकार के खाने पीने की वस्तुएं एकदम शुद्ध एवं ताजी उचित मूल्य पर श्री जायसवाल के कुशल नेतृत्व में प्राप्त होती हैं।यदि कोई भी व्यक्ति एकबार इनके रेस्टोरेन्ट पर आ जाता है तो दुबारा जब भी इधर से गुजरता है तो निश्चित ही इनके रेस्टोरेन्ट में जलपान करके ही आगे बढ़ता है क्योंकि प्रोपराइटर श्री जायसवाल का कुशल व्यवहार एवं उचित दाम पर शुद्ध एवं ताजी खाने पीने की चीजें उसे यहां खींच लाती हैं।इस अवसर पर उपस्थिति वरिष्ठ समाजसेवी एवं भूतपूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष मेजा पं० रुप नारायण मिश्रा ने कहा कि वास्तव में प्रोपराइटर श्री जायसवाल के रेस्टोरेन्ट में चाय पीने के बाद चाय की चुस्की का जायका बहुत ही लाजवाब था।जैसा रेस्टोरेन्ट का नाम है गुलाब जायका वैसे ही चाय का जायका था।यथा नामे तथा गुणे।
इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी पं० शेषमणि शुक्ला ने कहा जिला मंत्री की ही आज देन है जो ऐसे महान विभूति को देखने का अवसर प्राप्त हुआ।वास्तव में प्रोपराइटर श्री जायसवाल बहुत ही मृदुलभाषी एवं स्वावलम्बी के साथ साथ एक अच्छे नेक इन्सान जो सत्य एवं न्याय के पथगामी हैं।इस सौहार्दपूर्ण भेंटवार्ता के दौरान शिक्षाविद कमलेश पाण्डेय, शिक्षाविद जोखू लाल पटेल एवं राजकुमार सहित आस पास बहुत से लोग मौजूद रहे।

# फूलपुर में आकर्षक चौकियों और रोशनी से जगमगाया भारत मिलाप

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर ।** फूलपुर का ऐतिहासिक भारत मिलाप का मेला रविवार को सकुशल संपन्न हुआ। मेले में एक दर्जन से अधिक चौकिया तथा रोशनी कमेटियों द्वारा भव्य मेले का आयोजन किया गया। यहां की सबसे ऐतिहासिक चौकी कमेटी माधव मंडल चौकी समिति जो 56 वर्ष से लगातार अनवरत भारत मिलाप तथा विजयदशमी के मेले की शोभा बढ़ा रही है जो एक से बढ़कर एक अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसी क्रम में दुनिया गंज मोहल्ले से जय हनुमान चौकी समिति वर्षों पुरानी परंपरा भारत मिलाप के दिन आकर्षक झांकियां को दिखाकर मेले की शोभा बढ़ाया ,केशव नगर चौकी



समिति शुकलाना चौकी समिति परशुराम चौकी समिति राम चौकी समिति सहित एक दर्जन से अधिक चौकी समितियो ने फूलपुर भरत मिलाप मेले की शोभा को बढ़ाया। वहीं रोशनी कमेटियों ने आकर्षक रोशनी से फूलपुर को जगमगा दिया फरीदाबाद रोशनी कमेटी, नेहरू रोशनी कमेटी ,दुनियागंज रोशनी कमेटी बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाई गई। इस दौरान सभी चौकिया कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए रामलीला मैदान गोमती इंटर कालेज में अपना प्रदर्शन दिखाया जिसका रिजल्ट एक दिन बाद रामलीला मंच से रामलीला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा पदाधिकारी कमलेश मिश्रा रवि पांडे द्वारा घोषित कर पुरस्कृत किया जाएगा। वही तो लोचनगंज तिराहे पर भाजपा जिला मंत्री रोहित केसरी शिवम भारती जिला उपाध्यक्षअनिल केसरी राजन द्वारा सभी चौकिया का प्रदर्शन देखने के बाद उन्हें उपहार दिया और कई जगह चौकी का फीता काटकर उद्घाटन भी किया इसी क्रम में इस्माइलगंज केशव नगर रोशनी कमेटी कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी द्वारा दैनिक उपयोगी सामग्री पीआरओ कुंवर जी केसरी ने सभी चौकी समितियां को उपहार दिया गया एवम आर के ब्रदर्स द्वारा दुनियागंज रौशनी कमेटी की तरफ से सभी चौकी कमेटियों तथा डीजे वालो को एक सील्ड और एक घड़ी निखिल ग्लास हाउस की तरफ से एक बॉथरूम ग्लास एवम मुकेश पन्ना की तरफ से शुद्ध प्लस तरफ से एक गिफ्ट भी प्रदान किया गया इस कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता रामबाबू केसरी और अमित श्रीवास्तव ने किया मौके पर लालू बाबू केसरी, मुनीम केसरी रवि केसरी, छवि केसरी, राम जी केसरी ,अंकित केसरी, सुनील सदावत, सभासद धीरज मौर्य, गंगा प्रसाद केसरी, प्रमोद त्रिपाठी, विपिन केसरी ,रिंकू केसरी ,विनोद केसरी ,के अलावा पुलिस अधिकारी पुलिस आयुक्त पंकज लवानिया, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम ,कस्बा इंचार्ज आकाश सचान देवेश परिहार सहित महिला पुलिस सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन में कौशांबी के कांग्रेसी करेंगे दिल्ली कूच



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** युवा कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने सोमवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत देश का युवा बेरोजगार हैं और नशे की ओर भाग रहे हैं सरकार इन पर ध्यान नहीं दे रही है बेरोजगारी अपने चरम पर है भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि सरकार उस पर ध्यान नहीं दे रही है बेरोजगारी और नशा मुक्ति अभियान को लेकर दिल्ली में 16 अक्टूबर को आयोजित आंदोलन में कांग्रेस की रैली में कौशाम्बी से 500 युवा कांग्रेसी दिल्ली में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाएंगे।
कांग्रेस के यूथ अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कहा कि इन्हीं सब को लेकर आगामी 16 तारीख को जिले के कोने-कोने से एक-एक कार्यकर्ता दिल्ली कुच करेगा और यह पहला राष्ट्रीय आंदोलन हो गा जिसमे जिले से लगभग 500 कार्यकर्ता दिल्ली जा रहे हैं, जहां बेरोजगारी को लेकर भ्रष्टाचार और नशा मुक्ति को लेकर हल्ला बोल आंदोलन होगा अगर फिर भी सरकार नहीं चेती तो बड़ा आंदोलन हर जिले में किया जाएगा, इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के प्रदेश उपाध्यक्ष हितेश कुमार मिश्रा प्रदेश के महासचिव ओ पी दुबे प्रदेश के महासचिव आदर्श प्रजापति प्रदेश कार्यकारिणी के लोग भी कौशांबी की इस धरती पर मौजूद रहे जिला कांग्रेस यूथ के जिला उपाध्यक्ष योगी शुक्ला महासचिव अभिषेक जायसवाल अर्जुन प्रसाद मिश्रा अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा धीरेंद्र प्रताप सिंह, विभव कुमार पांडे सचिन शुक्ला उपाध्यक्ष अमित तिवारी अमित पांडे ऋषभ तिवारी सूरज मिश्रा अभिलाष तिवारी अंकित तिवारी राजेश शुक्ला ने हल्ला बोल आंदोलन में दिल्ली जाने के लिए तैयार है।

## मण्डल के स्टेशनों पर एकल उपयोग प्लास्टिक रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** सोमवार को प्रयागराज मण्डल में सभी स्टेशनों पर एकल उपयोग प्लास्टिक रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत सरकार की राष्ट्रव्यापी मुहीम के अंतर्गत प्रयागराज मंडल में ह्यस्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छताह्न थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा 01.10.2024 से 15.10.2024 तक मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मण्डल में स्वच्छ नीर, स्वच्छ आहार, स्वच्छ खानपान व्यवस्थाएं, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ प्रसाधन, एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त रेलवे परिसर सहित स्वच्छता के सभी मानकों पर कार्य किया जा रहा है।
एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकने के लिए प्रयागराज मंडल के स्टेशनों, कार्यालयों एवं अस्पतालों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए । परिसरों और स्टेशनों को एकल उपयोग प्लास्टिक रहित बनाने के लिए स्टेशनों पर बैनर के साथ रैली निकली गयी, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए एवं प्लास्टिक से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव और इससे होने वाली बीमारियों के विषय में लोगों को अवगत कराया गया।
एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकने के लिए कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ जंक्शन और टूंडला जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रेलकर्मियों ने बैनर लेकर रैली निकली और यात्रियों को जागरूक किया ।

## मोटर साइकिल चोर को किया, गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर सतरिख पुलिस चोरी के आरोपियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा चोरी का वांछित अभियुक्त अनूप कुमार वर्मा उर्फ अन्नू पुत्र स्व0 राजकुमार वर्मा निवासी छुलियापुरवा मजरे इचौलिया थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स बरामद की गयी।

## कोड़ापुर में चकबंदी चौपाल आज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खंड के कोड़ापुर गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया का अंतिम दौर चल रहा है जिसमे किसानों की अधिकांस भूमि की पैमाइस करके चिन्हित कर दिया गया है कुछ के मुकदमे अभी विचाराधीन चल रहे है उक्त मुकदमों का स्थलीय निरीक्षण के साथ ही मंगलवार को 11 बजे से ग्राम पंचायत सचिवालय कोड़ापुर में चकबंदी समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में चकबंदी चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमे चकबंदी विभाग के जिले स्तर के अधिकारियों के साथ सी ओ चकबंदी पारसनाथ यादव ,कानून गो और लेखपाल आदि मौजूद रहेंगे। प्रधानपति मौजी लाल रावत वरिष्ठ पत्रकार ने सभी ग्रामीणों के साथ किसानों को उक्त चौपाल कार्यक्रम में समय से पहुंच कर सस्म्याओ का निराकरण करने में सहयोग करने की अपील की है।

# चिकना दिखता है चेहरा, नहीं उग रही दाढ़ी, ऐसे मर्दों को पीना चाहिए ये 5 तरह के जूस, कुछ दिनों में दिखेंगे गबरू जवान



**कुछ पुरुषों की दाढ़ी और मूछें जल्दी नहीं आती हैं. उगती भी हैं तो बहुत धीमी रफ्तार से. ऐसे में उनका चेहरा चॉकलेटी बॉय की तरह नजर आता है. यदि आप चाहते हैं घनी दाढ़ी रखना तो आपको जरूर इन जूस का सेवन करना चाहिए. इससे सेहत को कई और भी फायदे होंगे.**

कुछ पुरुषों की उम्र तक बढ़ती है, लेकिन देखने में वे कम उम्र के युवा लड़कों की तरह दिखते हैं. कई बार हॉर्मोनल असंतुलन, जेनेटिक्स, खानपान में पौष्टिक चीजों को शामिल न करने से भी दाढ़ी-मूंछ सही से नहीं उग पाती है. हल्की दाढ़ी होती भी है तो उनके उगने की रफ्तार काफी धीमी होती है. ऐसे में जिन लोगों को बड़ी दाढ़ी-मूंछ (grow mustache)रखने का शौक है, उनको थोड़ी बहुत निराशा की बात ये हो सकती है. हालांकि, आप कुछ फलों के जूस को डाइट में शामिल करके धीमी गति से बढ़ती दाढ़ी की रफ्तार को थोड़ा-बुहत बढ़ा सकते हैं. चलिए जानते हैं पुरुषों को कौन से 4 जूस पीना फायदेमंद हो सकता है और फेशियल हेयर ग्रोथ में इजाफा कर सकते हैं.

1. entrepreneur.com में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, पुरुषों और युवाओं को हेल्दी रहने के लिए भी दिनभर कुछ ना कुछ ऐसा खाना-पीना चाहिए, जिससे वे फिजिकली और मेंटली हेल्दी महसूस कर सकें. ऐसे में स्वस्थ रहने के लिए कुछ जूस का सेवन करना शुरू कर दें. जो लोग शारीरिक रूप से बहुत एक्टिव रहते हैं, उन्हें चाय-कॉफी पीने की बजाय जूस का सेवन करना चाहिए. जूस पिएं तो फलों से तैयार जूस पिएं. एडिटिव जैसे शुगर, सॉल्ट और प्रिजर्वेटिव्स-फ्री फलों के जूस में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो पुरुषों में होने वाले कुछ कैंसर के रिस्क को कम कर सकता है.

2. संतरे का जूस- अगर आपको लंबी दाढ़ी रखने का शौक है, लेकिन ये जल्दी बढ़ते नहीं हैं तो आप रेगुलर संतरे का जूस पिएं. फेशियल हेयर ग्रोथ नेचुरल तरीके से जल्दी होगा. यह मेल हॉर्मोंस के लिए बेहद ही फायदेमंद जूस है. साथ यह थायरॉइड एक्टिविटी को भी बढ़ाता है, जिससे फेशियल हेयर, नाखून, बालों का ग्रोथ सभी तेजी से होते हैं. इसमें मौजूद विटामिन सी एक बेहद ही आवश्यक माइक्रोन्यूट्रिएंट है, जो चेहरे के हेयर ग्रोथ (Facial hair growth) को बढ़ावा देता है. इससे दाढ़ी घनी भी होती है. साथ ही संतरे के जूस में मौजूद फायदेमंद एंटीऑक्सीडेंट्स हार्ट हेल्थ को प्रमोट कर क्रोनिक डिजीज के रिस्क को कम करते हैं.


3. टमाटर का जूस- अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर सबसे कॉमन कैंसर है. इस खतरनाक बीमारी के जोखिम को कम करने के लिए टमाटर का जूस मर्दों को जरूर पीना चाहिए. टमाटर का जूस पीने से प्रोस्टेट कैंसर के ट्यूमर का ग्रोथ कम हो सकता है. शोध के अनुसार, जो पुरुष टमाटर और इससे बनी चीजों का सेवन करते हैं, उनमें प्रोस्टेट कैंसर होने का जोखिम काफी हद तक कम हो जाता है. चूंकि, इसमें लाइकोपीन कम्पाउंड होता है, जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोक सकता है.


4. चुकंदर का रस- चुकंदर के जूस में नाइट्रेट हह्3 से भरपूर होता है. नाइट्रेट रक्त वाहिकाओं और केशिकाओं को चौड़ा करते हैं, जिससे पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह बढ़ जाता है. इससे एथलेटिक्स परफॉर्मेंस में सुधार होता है. आसानी से मांसपेशियों में ऑक्सीजन पहुंचता है. इससे बेहतर तरीके से सांस लेने में मदद मिलती है. लिंग में रक्त प्रवाह में वृद्धि होने से पुरुष यौन क्रिया में भी सुधार करता है.


5. कीनू का जूस- कीनू के जूस में शहद मिलाकर पीने से विटामिन ए मिलता है. यह हेल्दी आंखों और इम्यून सिस्टम के लिए फायदेमंद है. यह विटामिन सी, पोटैशियम, एंटीऑक्सीडेंट्स, फोलेट, फॉस्फोरस, कैल्शियम से भी भरपूर होता है. ये विटामिंस कई तरह की बीमारियों से लड़ते हैं. एजिंग को कम करते हैं.

6. अनानास का जूस- पुरुषों के लिए अनानास का जूस पीना भी संपूर्ण सेहत को बनाए रखने का नेचुरल तरीका है. अनानास का जूस पीने से गैस, ब्लोटिंग की समस्या नहीं होती. इससे मैंगनीज मिलता है. यह हेल्दी हड्डियों के लिए जरूरी पोषक तत्व है.

# राहुल के खिलाफ साथ खड़े मोदी-भागवत







हरियाणा चुनाव नतीजे में भारतीय जनता पार्टी की जीत से ज्यादा कांग्रेस पार्टी की हार पर चर्चा हो रही है। कारपोरेट मीडिया से लेकर यूट्यूब चैनलों पर कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी खींचतान, ईवीएम में गड़बड़ी और राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि राहुल गांधी ना तो कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और ना ही हरियाणा के प्रभारी, फिर भी निशाने पर राहुल गांधी हैं।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। चुनावी नतीजों की चर्चा में जोर हरियाणा पर है। जबकि जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी चुनाव हारी है। वहां पर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पार्टी के इंडिया गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म होने (5 अगस्त 2019) के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। लोकतंत्र की बहाली के लिए हुए चुनाव में भाजपा सरकार द्वारा धारा 370 खत्म करने के फैसले को एक तरह से जम्मू-कश्मीर की जनता ने खारिज कर दिया है। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पार्टी के गठबंधन का मुख्य मुद्दा पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दिलाना था। जबकि भाजपा सिर्फ परिवारवाद के खिलाफ चुनाव लड़ रही थी। हरियाणा की तरह जम्मू-कश्मीर में भी भाजपा तमाम अघोषित सहयोगियों के भरोसे चुनाव मैदान में थी। भाजपा यहां नए परिसीमन का फायदा उठाना चाहती थी। लेकिन जम्मू-कश्मीर में बीजेपी चुनाव हार गई। आश्चर्य यह है कि जम्मू - कश्मीर में भाजपा की हार और कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की जीत की कोई चर्चा नहीं हुई। दिलचस्प यह भी है कि जम्मू-कश्मीर में जीत का जश्न मनाने के बजाय इंडिया एलायंस के सहयोगी दल कांग्रेस पर हमलावर हो गए। दूसरी तरफ हरियाणा चुनाव जीतने के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने दरकते ब्रांड को पुनः पुष्ट करने के लिए भाजपा कार्यालय में अपने चिर-परिचित अंदाज में जश्न मनाया। गुलाब की पंखुड़ियों की आकाश वर्षा के बीच पूरे राजसी अंदाज में कदमताल करते हुए नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी और खासकर राहुल गांधी पर जोरदार हमला किया। जाहिर तौर पर यह हमला आने वाले महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव को लक्षित करके किया गया है।

हरियाणा चुनाव नतीजे में भारतीय जनता पार्टी की जीत से ज्यादा कांग्रेस पार्टी की हार पर चर्चा हो रही है। कारपोरेट मीडिया से लेकर यूट्यूब चैनलों पर कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी खींचतान, ईवीएम में गड़बड़ी और राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि राहुल गांधी ना तो कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और ना ही हरियाणा के प्रभारी, फिर भी निशाने पर राहुल गांधी हैं। हां,यह जरूर है कि वह कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक और सबसे ताकतवर नेता हैं। लेकिन इस बात को नजरअंदाज किया जाता है कि राहुल गांधी आज देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। विपक्ष ही नहीं बल्कि नौजवानों, किसानों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के लिए राहुल गांधी सबसे बड़ी उम्मीद हैं। ऐसे में राहुल गांधी को हरियाणा की हार का जिम्मेदार बताकर भाजपा और कारपोरेट मीडिया उन उम्मीदों को प्रश्नांकित करना चाहता है। जबकि सच्चाई यह है कि केवल 90 सीटों की विधानसभा वाले राज्य हरियाणा में कांग्रेस की हार से राहुल गांधी की छवि, उनकी विश्वसनीयता और लोकप्रियता पर कोई असर नहीं होने वाला। लेकिन कांग्रेस पार्टी के सांगठनिक ढांचे, हरियाणा के नेताओं की खींचतान और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मनमानेपन ने कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। जाहिर तौर पर हरियाणा चुनाव के प्रभारी, पर्यवेक्षक और पार्टी के संगठन सचिव से लेकर हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की नाकामी की वजह से कांग्रेस पार्टी ने चुनाव गंवाया है।

हरियाणा चुनाव नतीजों के जरिए राहुल गांधी पर हो रहे हमले के क्या मायने है? क्या हरियाणा की हार से राहुल गांधी की जननेता की छवि ध्वस्त हो गई है? राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा से लेकर लोकसभा चुनाव तक जो अपनी विश्वसनीयता और लोकप्रियता हासिल की है, क्या हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार से खत्म हो जाएगी? दरअसल, इस तरह का परसेप्शन गोदी मीडिया और आईटी सेल के जरिए बनाया जा रहा है। यह धारणा क्यों बनाई जा रही है, इसे समझना भी बहुत मुश्किल नहीं है। जाहिर तौर पर नरेंद्र मोदी को इस समय सबसे ज्यादा खतरा राहुल गांधी से है। इससे पूर्व आरएसएस और गुजरात लॉबी के बीच टकराव की खबरें चल रही थीं। माना जाता है कि आरएसएस मोदी और शाह के पर कतरना चाहता है। इसलिए नरेंद्र मोदी को खतरा आरएसएस से है। लेकिन सच यह है कि आरएसएस मोदी का अपना घर है।

आरएसएस कभी इस तरह का कदम नहीं उठाएगा जिससे भारतीय जनता पार्टी को नुकसान हो। आखिर नरेंद्र मोदी ने आरएसएस के एजेंडे को हर तरह से लागू किया है।अल्पसंख्यकों को अघोषित दोयम दर्जे का नागरिक बनाने से लेकर दलितों - पिछड़ों के आरक्षण को अप्रत्यक्ष तरीके से खत्म करके और पुनः मनुवादी व्यवस्था लागू करने की दिशा में नरेंद्र मोदी बढ़ चुके हैं। लोकसभा चुनाव में किया गया संविधान बदलने का ऐलान, दरअसल, आरएसएस का ही पुराना एजेंडा है। इसलिए मोहन भागवत कभी भी नरेंद्र मोदी के लिए खतरा नहीं बन सकते। भाजपा, आरएसएस और मोदी के लिए आज सबसे बड़ी चुनौती व्यक्ति के तौर पर राहुल गांधी हैं। आज जहां कांग्रेस पार्टी खड़ी है उसमें एकमात्र और सबसे बड़ी भूमिका राहुल गांधी की है। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को फिर से लोगों की उम्मीद बनाकर खड़ा किया है। यह राहुल गांधी के संघर्ष और लगातार मोदी सत्ता से जूझते रहने का ही नतीजा है। राहुल गांधी जवाहरलाल नेहरू के बाद कांग्रेस पार्टी के इकलौते नेता हैं जो आरएसएस को खुलकर चुनौती ही नहीं दे रहे हैं बल्कि उससे निपटने के लिए तैयार भी हैं। यही वजह है कि जब मामला राहुल गांधी का होगा तो मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी एक साथ खड़े नजर आएंगे।हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की हार के लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार बताया जा रहा है। इसके जरिए यह भी कहा जा रहा है कि नरेंद्र मोदी के मुकाबले राहुल गांधी नहीं टिक सकते। जबकि सच्चाई यह है कि हरियाणा चुनाव प्रचार के दौरान नरेंद्र मोदी भीड़ नहीं खींच पाने के कारण केवल चार रैलियां करके खामोश हो गए। चुनाव प्रचार के अंतिम दो दिन तो उन्होंने हरियाणा जाने की हिम्मत भी नहीं की।

इसके बरक्स राहुल गांधी लगातार चार दिन अपनी विजय संकल्प यात्रा करते रहे। राहुल गांधी की यात्रा और रैलियों में बहुत भीड़ जुटती रही। इनमें उन्होंने बुनियादी मुद्दों को उठाया और हरियाणा के लोगों के विकास का एजेंडा प्रस्तुत किया। उन्होंने विभाजनकारी धर्म आधारित सांप्रदायिक राजनीति का डटकर मुकाबला किया। प्रेम, सौहार्द और सबको साथ लेकर चलने का उन्होंने वादा किया। किसानों और नौजवानों के सवालों के साथ सामाजिक न्याय के मुद्दों को राहुल गांधी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से उठाते रहे हैं। सच बात यह है कि नफरत, हिंसा और पाखंड से बाहर निकालकर भारत की राजनीति को राहुल गांधी ने मानवीय और संवेदनशील बनाया है।

## संपादकीय

## आत्म मंथन का वक्त

हरियाणा में वापसी को लेकर बनी बड़ी उम्मीदों के बीच आए अप्रत्याशित चुनाव परिणामों से निश्चय ही कांग्रेस पार्टी सांसत में है। पार्टी का केंद्रीय व राज्य नेतृत्व स्तब्ध है कि आखिर ये क्या और कैसे हुआ। भले ही पार्टी ईवीएम व चुनाव प्रणाली को लेकर सवाल खड़े कर रही है, लेकिन इसके बावजूद उसे हरियाणा में शिकस्त और जम्मू-कश्मीर में निराशाजनक प्रदर्शन से सबक लेना चाहिए। निश्चय ही इस प्रदर्शन ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की स्थिति को कमजोर कर दिया है। यहां तक कि इंडिया गठबंधन में घटक दलों द्वारा बयानबाजी का दौर तेज हुआ है। वे कांग्रेस के अति आत्मविश्वास को विफलता की वजह बता रहे हैं। निस्संदेह, लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद देश की यह सबसे पुरानी पार्टी पिछले दो आम चुनावों की तुलना में बेहतर स्थिति में नजर आई थी। पार्टी को लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल के रूप में मान्यता भी मिली थी। वहीं पार्टी के युवा तुर्क राहुल गांधी खासे मुखर थे। लेकिन आठ अक्तूबर के नतीजे के बाद स्थितियां बदल गई हैं। इसके कुछ सहयोगियों, जैसे कि शिव सेना-यूबीटी, सीपीआई और आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को आगामी विधान सभा चुनावों के लिये आत्मनिरीक्षण करने की सलाह दी है। साथ ही अपनी आगामी रणनीति की समीक्षा करने की सलाह भी दी है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की सीट बंटवारे की बातचीत फिलहाल अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। शिवसेना-यूबीटी और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी कांग्रेस इस बदले हालात में सीटों के बंटवारे के लिये बेहतर सौदेबाजी करने का अवसर महसूस कर रही हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने गठबंधन के सहयोगियों को तुरंत याद दिलाया है कि उसने इस साल हुए लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में अच्छा प्रदर्शन किया था। उसने जिन 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से तेरह पर जीत हासिल की थी।

बहरहाल ऐसे तर्कों के बावजूद कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में की गई चूकों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उसके कई फैसलों को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। गठबंधन में शामिल आप के साथ तालमेल करने के बजाय अकेले चुनाव लड़ना सवालों के घेरे में रहा है। यद्यपि हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप को एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन पार्टी द्वारा हासिल 1.79 वोट शेयर ने भाजपा और कांग्रेस में कांटेदार टक्कर के बीच नतीजों पर कुछ असर तो डाला ही है। भले ही कांग्रेस आलाकमान अपने फैसलों को लेकर तर्क देता रहे, लेकिन उसे अपने गठबंधन के साझेदारों के प्रति अधिक उदार होने की जरूरत है।

झारखंड में भाजपा के प्रभुत्व के मद्देनजर कांग्रेस को इतना विनम्र तो होना चाहिए कि वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के बाद दूसरी भूमिका निभा सके। महाराष्ट्र में भी, उसे इस बात को प्राथमिकता देनी चाहिए कि गठबंधन के लिये क्या बेहतर हो सकता है न कि वह अपने पार्टी हितों को प्राथमिकता दे। यह हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि लोकसभा चुनावों में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन न कर पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी अच्छी तरह से एकजुट हो गई है। पार्टी ने अपने अहम? को त्यागकर गठबंधन धर्म की राह पकड़ी है। कांग्रेस को अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी से कुछ तो सबक सीखना चाहिए, यह जानते हुए कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर के जनादेश से कांग्रेस के लिये राष्ट्रीय राजनीति में मुश्किलें बढ़ेंगी। इस बात का अंदाजा इस घटनाक्रम से लगाया जा सकता है कि चुनाव परिणाम आने के बाद आम आदमी पार्टी व शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट ने कांग्रेस को निशाना बनाना आरंभ कर दिया है।

आम आदमी पार्टी ने तो यहां तक घोषणा कर दी है कि दिल्ली विधान सभा के चुनाव पार्टी अकेले ही लड़ेगी। हरियाणा चुनावों के अप्रत्याशित परिणामों की एक व्याख्या यह भी की जा रही है कि भाजपा व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बीच की दूरियां कम हो गई हैं।

यह भी कि हरियाणा के अप्रत्याशित चुनावों में संघ की निर्णायक भूमिका रही है। यह तथ्य इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि संघ का नागपुर मुख्यालय महाराष्ट्र की राजनीति में प्रभावी घटक भी हो सकता है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सफलता का रहस्य

इस वर्ष 2025 विजयादशमी का पावन पर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ है। हिन्दू संगठन और राष्ट्र को परमवैभव पर ले जाने के जिस उद्देश्य को लेकर सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डा. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उस ध्येय पथ पर संघ निरन्तर बढ़ता जा रहा है। किसी भी जीवंत संगठन के लिए शताब्दी वर्ष तक की यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। कोई भी संगठन किसी निश्चित उद्देश्य से बनता है और दस,बीस, पचास साल में उसकी महत्ता घट जाती है। जबकि संघ में ऐसा नहीं है। अभी भी संघ बूढ़ा नहीं बल्कि चिरयुवा है। इस सुदीर्घ यात्रा में संघ ने राष्ट्र के नवोत्थान का पथ आलोकित किया है। देशवासियों में देश के प्रति निष्ठा व समर्पण का भाव जगाया है।

अब तक की यात्रा में हिन्दू संगठन के साथ-साथ आम लोगों का विश्वास जीतने और राष्ट्र जागरण के प्रयास में संघ पूर्णतया सफल रहा है। देश दुनिया में आरएसएस नाम से विख्यात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। संघ की तुलना किसी दूसरे संगठन से नहीं कर सकते क्योंकि तुलना करने के लिए भी इसके जैसा कोई होना चाहिए। इसीलिए बहुत से लोग स्वार्थवश संघ को बुरा भला कहते हैं। कुछ लोग अज्ञानवश भी संघ की आलोचना करते हैं क्योंकि उनको संघ की असलियत पता नहीं है।

नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। यह सभी संगठन स्वायत्त जरूर हैं लेकिन उनके पीछे संघ की शक्ति ही सक्रिय है। विविध क्षेत्रों में कार्य करने वाले संघ के आनुषांगिक संगठन विश्व के शीर्ष संगठनों में शुमार हैं। चाहे किसान संघ हो, मजदूर संघ हो, विद्यार्थी परिषद हो, वनवासी बंधुओं के बीच कार्य करने वाला संगठन वनवासी कल्याण आश्रम हो, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती,धर्म के क्षेत्र में सक्रिय विश्व हिन्दू परिषद हो या फिर राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी। यह सब विश्व में चोटी के संगठन हैं। कुल मिलाकर देखेंगे तो पायेंगे समाजजीवन का ऐसा कोई क्षेत्र अक्षूता नहीं है जिस क्षेत्र में संघ के कार्यकर्ता काम न कर रहे हों। लोगों के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि ऐसी कौन सी शक्ति या विजन है कि संघ इतना पुराना संगठन होने के बावजूद उसकी शक्ति नित्य–प्रति बढ़ती जा रहै। लोग कहते हैं कि आखिर संघ की सफलता का रहस्य क्या है? यह जानने के लिए संघ स्थापना की पृष्ठभूमि पर गौर करना आवश्यक होगा। डा. हेडगेवार ने राष्ट्र की समस्याओं का आकलन किया और उनके समाधान के सूत्र खोजे।

जिसमें प्रमुख कारण था देशभक्ति का अभाव। आपसी संबंधों का अभाव। जागरूकता का अभाव। इसके लिए संघ संस्थापक ने शाखा नामक अभिनव कार्यपद्धति विकसित की। डा. हेडगेवार ने कहा कि हम शाखा के माध्यम से स्वयंसेवक तैयार करेंगे और यही स्वयंसेवक ही आगे चलकर समाज में बदलाव लायेंगे।

नित्य प्रति लगने वाली शाखा

डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में संघ की स्थापना की। प्रथम संघ की शाखा मोहिते का बाड़ा में शुरू हुई। इसके बाद शाखा का विस्तार होता गया। व्यक्ति निर्माण में शाखा का प्रयोग अद्धितीय अनुपम व अनूठा है। संघ की सफलता का रहस्य शाखा में ही निहित है। अनेकों संगठन संघ की भांति शाखा चलाने की बात करते हैं लेकिन उन्हें यह पता नहीं कि शाखा चलाने के लिए अनेकों स्थानीय कार्यकर्ता व प्रचारकों की लम्बी श्रंखला का कठोर परिश्रम तथा समय लगता है। इसी त्याग तपस्या का प्रतिफल है शाखा। शाखा के माध्यम से संघ ने व्यक्ति निर्माण करने में सफलता प्राप्त की है। शाखा प्रतिदिन 60 मिनट की ही लगती है। शाखा के कार्यक्रम तय हैं। पूरे एक घंटे का शारीरिक व बौद्धिक कार्यक्रमों का नियोजन है। शाखा का प्रारम्भ व विकिर (समापन) सीटी से होता है। शाखा के कार्यक्रमों से स्वयंसेवकों में विविध गुणों का विकास होता है। देश का कार्य करने के लिए अपना शरीर सशक्त होना चाहिए। इसके लिए व्यायाम आवश्यक है। प्रतिदिन शारीरिक कार्यक्रम होते हैं। शाखा में मुख्य शिक्षक की आज्ञा का पालन सब करते हैं चाहे संघ के सरसंघचालक ही क्यों न हों।

मुख्य शिक्षक की आज्ञा होती है अग्रेसर। शाखा में कितनी भी अधिक संख्या क्यों न हो जो स्वयंसेवक अग्रेसर रेखा पर आ गया शेष सब स्वयंसेवक अग्रेसर के पीछे ही खड़े होते हैं,फिर आयु या कद का बंधन नहीं रहता है। उसी तरह संघ में एकसह सम्पत एक आज्ञा होती है। इसका अर्थ होता है एक लाइन में खड़े होना। इसमें भी कोई भी स्वयंसेवक जो पहले आकर खड़ा हुआ उसके बगल में ही सब खड़े होंगे। छोटे बड़े का कोई भेद नहीं। शाखा में आने वाले सभी स्वयंसेवक एक दूसरे को भाई साहब कहकर अभिवादन करते



हैं। पांच साल का स्वयंसेवक भी 70 साल के स्वयंसेवक को भाई साहब ही कहता है। स्वयंसेवकों में यह भाव पैदा किया जाता है कि हम सभी भारत माता के पुत्र हैं तो हम सब आपस में भाई-भाई हैं। संघ शाखा के इसी भाव के द्वारा ही नित्य सिद्ध शक्ति खड़ी होती है।

प्रचारक पद्धति

डा. हेडगेवार ने नागपुर से बाहर अन्य प्रदेशों में संघ कार्य विस्तार के लिए युवाओं को भेजना शुरू किया। तब से प्रचारक पद्धति शुरू हो गयी। संघ में प्रचारक ऋषि परम्परा के समान साधक माने जाते हैं। संघ के स्वयंसेवक प्रचारकों को अपना आदर्श मानते हैं। संघ कार्य की मुख्य धुरी प्रचारक ही होते हैं। इन प्रचारकों के भोजन जलपान इत्यादि की चिंता स्वयंसेवक ही करते हैं। प्रचारक पूरा समय देकर संघ का कार्य करता है। प्रचारक हिन्दू-हिन्दू भाई का केवल गीत नहीं गाते हैं उसे जीवन में उतारते हैं। रज्जू भैया,अशोक सिंघल जैसे अनेकानेक युवा जो प्रचारक निकले क्षमता प्रतिभा की कोई कमी नहीं थी। पर सब कुछ संघ में रहकर भारत मां के चरणों में समर्पित कर दिया। बड़ी संख्या में निकले इन प्रचारकों के कारण ही संघ का काम तेजी से बढ़ा है। संघ के प्रचारक की दिनचर्या प्रातः चार बजे से शुरू होकर रात 11 बजे से पहले सोने का कोई प्रश्न ही नहीं होता। प्रचारक चार बजे अवश्य जग जाता है क्योंकि उसे नित्य प्रभात की शाखा पर प्रवास करना होता है। प्रचारक के नाते जिस क्षेत्र में वह है वहां संघ का काम बढ़े बस यही उसकी अपेक्षा रहती है। प्रचारकों का समय-समय पर स्थान परिवर्तन भी होता रहता है। यह भी गारंटी नहीं कि उनका काम अच्छा रहेगा तो वहीं रहेंगे। उनका कार्यक्षेत्र यहां तक कि एक संगठन से दूसरे संगठन में भी भेजा जाता है। जब पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद चरम पर था। बिना केश कृपाण वालों की कब हत्या हो जाए ऐसे संकट के काल में पूरे देश से प्रचारक पंजाब भेजे गए। अनेक प्रचारकों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी। कुछ समय पहले तक यही हाल काश्मीर का भी था। समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में जो आज परिवर्तन दिखाई दे रहा है उस परिवर्तन के पीछे संघ से भेजे गये प्रचारकों की मेहनत ही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय,अटल बिहारी बाजपेई, दत्तोपंत ठेंगड़ी, मोरोपंत पिंगले और नरेन्द्र मोदी प्रचारक परम्परा के ही प्रासाद हैं।

संघ कार्य का आधार स्थानीय कार्यकर्ता

संघ में सम्पूर्ण कार्य का मुख्य आधार सामान्य स्वयंसेवक ही है। जो विद्यार्थी है,व्यवसायी है किसान है या गृहस्थी चलाने के लिए अन्य कोई कार्य करता है। संघ का वास्तविक आधार समाज का वही सामान्य नागरिक है। संघचालक,कार्यवाह तथा सामान्य जीवन जीने वाले अन्यान्य स्वयंसेवक सब प्रकार के व्यक्तिगत मोह,ममता,सुख दुख काम धंधे के खतरे को उठाते हुए संघ का काम करते हैं। संघ ने सम्पूर्ण समाज से केवल एक प्रतिशत लोगों को आने के लिए कहा। उन एक प्रतिशत से भी कहा कि आपका केवल 24 घंटे से मात्र एक घंटे ही चाहिए। शाखा लगाने से लेकर संघ के सारे कार्य स्थानीय कार्यकर्ता ही करते हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं के बल पर ही संघ बढ़ता है। प्रचारकों की चिंता से लेकर संगठन की मीटिंग बैठक,कार्यक्रम व वर्गों की व्यवस्था स्वयंसेवक ही करते हैं। संघ के स्वयंसेवक वर्ष में एक बार गुरू दक्षिणा करते हैं। इसी से संघ का खर्चा चलता है।

आत्मीयता

संघ में कहा जाता है कि शुद्ध सात्विक कार्य अपने कार्य का आधार है। तो यह केवल कहा ही नहीं जाता है बल्कि यह वास्तविकता भी है। आत्मीयता ही संघ कार्य का आधार है। संघ के कार्यकर्ता बिना लोभ लालच व राग द्वेष के बिन निःस्वार्थ भाव से अहर्निश संघ कार्य करते हैं। यह सब आत्मीयता के कारण। क्योंकि संघ में प्रचारकों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का इतना स्नेह मिलता है कि कार्यकर्ता उस काम को पूरा करने के लिए प्राण प्रण से जुटा रहता है। अपनी नौकरी से समय निकाल लेगा, घर के कामों से संघ के कामों के लिए समय निकाल लेगा। भारतभर में अनेक संगठन हैं लेकिन जो आत्मीयता का भाव संघ में है उस प्रकार की आत्मीयता का भाव अन्य किसी भी संगठन में नहीं है।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड, निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को वित्तीय भौतिक प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिए है, जिससे कि सीएम डैशबोर्ड की रैकिंग में सुधार हो सके। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर व आवास-विकास के अधिशाषी अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर 17 कार्यक्रम/योजनाएं जिनकी



माह सितम्बर, 2024 की रैकिंग बी, सी, व ई कटेगरी है, उनके सम्बंधित अधिकारियों को रैकिंग में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रोबेशन, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के द्वारा फैमिली आईडी के कम आवेदन कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिक आवेदन कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पंचायतीराज व उद्योग विभाग के सम्बंधित अधिकारियों से लम्बित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अन्तर्विभागीय समन्वय कर सभी कार्यों को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने जल निगम नगरीय के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की और कहा कि कार्य की भौतिक प्रगति का उनके द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया जायेगा। जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों से प्रत्येक कार्य की भौतिक प्रगति की जानकारी लेते हुए उनसे सम्बंधित कार्यों को समय से पूरा किए जाने हेतु आवश्यक मैनपॉवर व शिफ्ट बढ़ाते हुए दिन-रात कार्य कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने श्रृंगवेरपुर में पार्किंग के निर्माण हेतु टेण्डर व पार्किंग तक के एप्रोच रोड़ को बनाये जाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से अपनी देखरेख में श्रृंगवेरपुर में कराये जा रहे कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों से उनके द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके लम्बित कार्यों के बारे में जानकारी ली और कहा कि यदि कार्य की प्रगति में कोई समस्या या परेशानी आ रही हो, तो उससे उन्हें अवगत करायें, जिससे कि उस समस्या का शीघ्रता से निदान करते हुए कार्य को समयसीमा में पूर्ण कराया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बिजनौर में ऑफिस में घुसकर वकील के साथ मारपीट का वीडियो वायरल, दुकान को लेकर था विवाद, पूरी घटना सीसीटीवी में कैद

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** किरतपुर थाना क्षेत्र में नोटरी वकील मोहम्मद इदरीश के साथ हुई मारपीट की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। यह घटना दुकान के विवाद से जुड़ी हुई बताई जा रही है, जिसमें आरोपियों ने वकील के ऑफिस में घुसकर मारपीट की और उन्हें धमकाया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे इस मामले के सबूत मजबूत हो गए हैं। वकील द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर अब कार्रवाई की जा रही है।वकील मोहम्मद इदरीश, जो कि पिछले 30 सालों से कानूनी प्रैक्टिस कर रहे हैं और 15 साल से नोटरी वकील के रूप में कार्यरत हैं, ने बताया कि उन्होंने यह दुकान कमेटी से किराए पर ली थी, जो कि कब्रिस्तान की संपत्ति है। घटना के समय आरोपी अनवर, अशरफ और दो अन्य अज्ञात लोग उनके ऑफिस में घुस आए और उनसे बदसलूकी करते हुए दुकान खाली करने का दबाव बनाया। जब वकील ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की।वकील का आरोप है कि पुलिस ने भी उनकी शिकायत दर्ज करने में देर की, लेकिन अब तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

यह घटना स्थानीय कानूनी और सामुदायिक मुद्दों के बीच टकराव की ओर इशारा करती है और दिखाती है कि संपत्ति से जुड़े विवाद कभी-कभी हिंसक रूप ले सकते हैं। उम्मीद है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी और न्याय सुनिश्चित होगा।

## लट्टा गांव मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**सबसे तेज प्रयागराज**

**औरंगाबाद। जिले के** रफीगंज के लट्टा में दुर्गा पूजा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का उद्घाटन लोजपा के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह एवं दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने किया गया। भोजपुरी स्टार गोलू राजा एवं सोना सिंह का रंगारंग कार्यक्रम का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

इस मौके पर उपाध्यक्ष चंदन शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, सुमन शर्मा, जगनारायण शर्मा, भोला शर्मा ,मोचन शर्मा, बालमुकुंद प्रसाद, बंटी शर्मा, छोटू शर्मा, मनीष शर्मा, मुन्ना शर्मा, धीरज कुमार, प्रोफेसर संतोष सिंह, सिंटू सिंह, निखिल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व प्रधान ने युवती और उसकी माँ को दौड़ा दौड़ा कर पीटा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कन्नौज। पूर्व प्रधान और** उसके भाइयों ने युवती व उसकी मां को खेत में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। जिसका वीडियो भी सामने आया है। बताया गया कि आरोपियों द्वारा जमीन कब्जा का प्रयास किया जा रहा था। जिसका विरोध करने पर युवती के परिजनों को कई बार पीटा जा चुका है। शिकायत के बावजूद पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर का है।

पीड़ित युवती निधि ने गुरसहायगंज कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें उसने बताया कि हमले में उसकी मां गुड्डी देवी और वह खुद घायल हो गई। हमलावरों ने तमंचे से उन पर फायर भी किया, लेकिन



गांव वालों के आ जाने से किसी तरह जान बच पाई। गुरसहायगंज पुलिस ने कार्रवाई करने की बजाय जांच का भरोसा देकर टरका दिया। गांव में उसकी कीमती जमीन है। जिस पर पूर्व प्रधान और उसके भाई दबंगई के चलते कब्जा करना चाहते हैं। जमीन को बचाने का प्रयास करने पर वह लोग आए दिन झगड़ा-फसाद पर आमादा हो जाते हैं। पहले भी पूर्व प्रधान ने अपने भाइयों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से लैस होकर हमले किए, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई**

युवती का आरोप है कि हमलावरों के खिलाफ पहले भी वह चौकी से लेकर एसपी ऑफिस तक शिकायत कर चुकी है, लेकिन आरोपियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे उनके हौसले बुलंद हैं और वह जमीन कब्जा करने के लिए आए दिन लाठी-डंडे लेकर झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।

## जीआरपी पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** ।अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज अभिषेक यादव द्वारा रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनो में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम, अवैध तस्करी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के मद्देनजर चलायें जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी रेलवे प्रयागराज श्रीमती सुनीता सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन उपाध्याय थाना जीआरपी प्रयागराज के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव थाना जीआरपी प्रयागराज मय पुलिस टीम के रेलवे स्टेशन प्रयागराज जं0 के ढत्र ठड. 01 दिल्ली इण्ड की तरफ रेलवे लाईन के किनारे बने नाले के पास कच्ची गली रेलवे लाइन से 20 कदम दक्षिण दिशा से समय 11.30 बजे अभियुक्त सुधीर सोनी पुत्र संजय सोनी नि० कमरा नं0 1319 ब्लाक नं0 110 काशी राम कालोनी मीरा भवन के पास थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ के पास से चोरी की 02 अदद मोबाइल बरामद करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## परीक्षा में धांधली करने वाला गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार







**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** शिवकुटी पुलिस ने परीक्षा में धांधली करने वाला गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त को सोमवार गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक शिवकुटी बिरेंद्र यादव ने बताया कि वर्ष 2022 में परीक्षा में धांधली करने के मामले में वांछित गैंगस्टर एक्ट का अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 जोखनलाल निवासी बीरापुर बादी का पूरा कमलानगर थाना सोरांव जनपद प्रयागराज को बड़गांव रोड के पास थाना क्षेत्र सोरांव से गिरफ्तार किया गया।

### शिवकुटी पुलिस द्वारा वारंटी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** डीसीपी नगर अभिषेक भारती के निर्देश पर शिवकुटी पुलिस न्यायालय द्वारा वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक शिवकुटी बिरेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश की जा रही थी इसी बीच मुखबिर की सूचना पर न्यायालय द्वारा वारंटी चल रहे अभियुक्त शिव कुमार उर्फ जासूस पुत्र स्व0 महेश प्रसाद निवासी 71/ए शिवकुटी थाना शिवकुटी जनपद प्रयागराज को अप्ट्रान चौराहे के पास थाना क्षेत्र शिवकुटी से गिरफ्तार किया गया।

## टाउनहाल गुमटी व्यापारियो की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन देंगे अजीत सिंह बग्गा

राष्ट्रीय शान

वाराणसी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने मैदागिन के टाउनहाल मे बने गुमटी दुकानदारों को दिये जाने वाले दुकानों और जगह का निरीक्षण करने पदाधिकारीयो के साथ पहुंचे।टाउनहाल गुमटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष और पदाधिकारीयों ने बहुत जोशोखरोश से अपने अध्यक्ष का स्वागत किया।

अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने सभी दुकानों और जगह देखने के बाद बोले कि निचे रौशनदान को और बड़ा करने कि जरूरत हैं तथा उपर दुकानों के बिच में का रास्ता बहुत कम हैं जिसके कारण आने जाने मे कस्टम एक दूसरे से टकरा कर चोटिल हो सकते है।रोशनी की भी प्रयाप्त व्यवस्था होनी चाहिए और भी बहुत सारे बड़ी और छोटी बहुत सी त्रुटियों की तरफ अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा का ध्यान गया और वाराणसी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ सभी महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा करते है हुए इस निर्णय पर पहुंचा गया कि सोमवार को एक विज्ञप्ति के साथ वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष अपनी सभी पदाधिकारियों तथा टाउनहाल गुमटी व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों के साथ नगर आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौपेंगे तथा गुमटी व्यापारियों के समस्याओं से अवगत कराते हुए तुरंत इसको सुधार कराने के लिए बोला जायेगा।

दुकान व्यापारियों को सौपने से पहले सभी बातों को ध्यान रखते हुए ठीक करा कर ही सौपें ताकी किसी भी व्यापारी को व्यवसाय करने मे किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।व्यापार मंडल महामंत्री कवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि बारिश के मौसम मे अक्सर सभी जगहों पर पानी भर जाता हैं यहां भी निचे पानी भरने की आशंका हैं।

## हार्डवेयर दुकान से लाखों का सामान चोरी पूरी घटना सीसीटीवी में कैद, दिख रहे दो नकाबपोश पुलिस तलाश में जुटी

**सबसे तेज प्रयागराज**




**बिजनौर!** हल्दौर थाना क्षेत्र के झालू में चोरों ने एक हार्डवेयर और इलेक्ट्रॉनिक की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए का सामान चुरा लिया है। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना हल्दौर थाना क्षेत्र के झालू मोहल्ला इस्लामाबाद का है, जहां सदाकत की फर्नीचर हार्डवेयर की दुकान स्थित है। रात के अंधेरे में अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी लगभग 48 हजार रुपये की नकदी, एलईडी सहित अन्य मशीनी उपकरण चुरा लिए। सीसीटीवी फुटेज में दो चोर नजर आ रहे हैं, जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा है।पीड़ित दुकानदार ने बताया कि चोर एक लाख रुपये से अधिक का सामान चुरा ले गए हैं। उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी मदद से चोरों की पहचान करने में जुट गई है।

## जवाहर विद्यालय में बच्चों का रामकथा मंचन, दर्शक हुए विभोर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा और भगवान राम के आदर्शों से परिचय कराने के लिए दशहरा पर्व पर राम कथा मंचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के चार सदनों अरावली, निलगिरी, शिवालिक और उदयगिरि के बालक और बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।दोनों वर्गों में आयोजित कथा मंचन में राम कथा के विविध प्रसंग मंच पर सजीव हो गए। अरावली सदन ने केवट प्रसंग का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सीता हरण का प्रसंग निलगिरी सदन, शिवालिक सदन ने रावण वध और भरत मिलाप प्रसंग का मंचन उदयगिरि सदन ने प्रस्तुत




किया। जो काफी सराहे गए।बालिका वर्गो में सबसे अच्छा प्रसंग लक्ष्मण मूर्छा का रहा।वरिष्ठ बालिका ए सदन ने इसे प्रस्तुत किया था, जबकि वरिष्ठ बालिका द्वितीय सदन ने लव - कुश प्रसंग को जीवंत कर दिया। कनिष्ठ बालिका वर्ग ने राम वन गमन का आदर्श प्रस्तुत किया।

विद्यालय के छात्र छात्राओं और स्टाफ ने भरपूर आनंद उठाया।प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रमोद मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। संचालन डॉक्टर अरविंद चौधरी ने किया।

विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर डीके त्रिपाठी जी ने इस कार्यक्रम के सफलता के लिए अध्यापकों और मंचन करने वाले विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में अंशिका, दिव्या, आरती निष्ठा, शैलजा, सुनिधि, मनस्वी, सुहानी, अनामिका, हर्षिका, अदिति पलक, सृष्टि, आस्था, आंचल, संध्या, आयुषी, आयुषवर्धन आदि ने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## जनप्रतिनिधी पदाधिकारी अपना लक्ष्य पूर्ण कर ही सक्रिय सदस्यता ग्रहण करें–सुशील

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी सर्वस्पर्शी-समावेशी संगठन है। जिसका मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास है। इसलिए सभी वर्गों को जोड़ते हुए जनप्रतिनिधी पदाधिकारी अपना लक्ष्य पूर्ण करें, आपका लक्ष्य प्राप्त ही आपके प्रभाव व पहचान को प्रदर्शित करते हुए संगठन के सोच को साकार करेगा उक्त बातें सक्रिय सदस्यता जिला यमुनापार कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र महामंत्री व जिला प्रभारी सुशील कुमार त्रिपाठी ने भाजपा के पदाधिकारियों




जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए सोमवार को जिला कार्यालय सिविल लाइंस में कही। साथ ही अभी तक चल रहे प्राथमिक सदस्यता अभियान की बिन्दूबार समीक्षा करते हुए काशी क्षेत्र महामंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा शेष बचे हुए दिनों में सभी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सभी को साथ लेकर विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करते हुए केंद्र की मोदी सरकार व राज्य की योगी सरकार के हाथों को मजबूत करनें का कार्य करें।


इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी रहे नीरज त्रिपाठी ने कहा अभियान खाना पूर्ति नहीं है। समाज के सभी वर्गों को जोड़ना उद्देश्य है। खासकर कमजोर बूथों पर सदस्यता को सत प्रतिशत पूरा करना है। विधायक कोरांव राजमणि कोल ने कहा पं.दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को भाजपा सरकार और संगठन साकार कर रहीं हैं, इसलिए भाजपा का परिवार बढ़े और लोग जुड़े सदस्यता अभियान का यहीं उद्देश्य है।

## पंजाब में धान खरीद में देरी के विरोध में रेल पटरियों, हाईवे पर बैठे किसान

**चंडीगढ़। धान की धीमी** खरीद के विरोध में 'संयुक्त किसान मोर्चा' द्वारा आयोजित विरोध-प्रदर्शन के तहत रविवार को किसान पंजाब में कई स्थानों पर रेलवे पटरियों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर बैठ गए।

इसके अलावा, मिल मालिकों और आढ़तियों की हड़ताल ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। वे धान बेचने के लिए पड़ोसी राज्य हरियाणा जा रहे हैं, क्योंकि वहां खरीद प्रणाली अच्छी तरह से व्यवस्थित है।

किसानों ने धान खरीद में देरी के लिए आप सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और खरीद में तेजी




नहीं आने पर विरोध-प्रदर्शन तेज करने की चेतावनी दी। ट्रेन और सड़क नेटवर्क बाधित होने से यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

दोपहर 12 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक विरोध-प्रदर्शन किया गया।

किसानों ने कई जगहों पर तीन घंटे तक जम्मू-अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग को भी जाम किया। जालंधर में किसानों ने धनोवाली गेट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया।

## लूट का आरोपी गिरफ्तार नगदी पीली धातु बरामद






**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राजेन्द्र लोधी पुत्र मेघनाथ नि० शाहपीरपुर चलथरा थाना हथगांव जनपद फतेहपुर को अझुआ रोड़ तिलकधारी कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से लूट के 2 पीली धातु के टप्स व 470 रु0 नगद के बरामद किया गया।

### चोरी के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उ०नि० भगवान यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा चोरी का वांछित अभियुक्त मिथुन पुत्र वीरेन्द्र नि० मंदर थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को गुंगवा के बाग से गिरफ्तार किया गया।

## जब झूठ बोलकर बुरी फंसी थी पलक, मां

# श्वेता तिवारी

## के सामने ऐसे आया था सच







टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली मशहूर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी (Shweta Tiwari) इन दिनों काफी चर्चा में हैं. वजह बेहद खास है, श्वेता तिवारी इस साल की सबसे बड़ी हिंदी फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आने वाली हैं. अजय देवगन की पिक्चर में रोहित शेट्टी ने श्वेता को भी कास्ट किया है. फिल्म के ट्रेलर में भी श्वेता तिवारी की झलक देखने को मिली है. इससे पहले उन्हें रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' में भी देखा गया था. श्वेता अपने काम से सभी को इंप्रेस करती हैं.इसी बीच श्वेता तिवारी से जुड़ा एक पुराना किस्सा सामने आया है. दरअसल श्वेता ने अपनी बेटी पलक तिवारी (Palak Tiwari) के झूठ के बारे में सभी से बात की थी. श्वेता ने कपिल शर्मा के शो में पलक के बचपन का एक झूठ बताया था. महज 13 साल की उम्र में पलक ने अपनी मां से फिल्म देखने के लिए बड़ा झूठ बोला था. श्वेता कि मानें को वो झूठ बोलकर अपने दोस्तों के साथ पिक्चर देखने चली गई थीं.

**13 साल की उम्र में बोला था बड़ा झूठ**

श्वेता तिवारी के मुताबिक पलक 13 साल की थीं और उन्हें कहीं भी अकेले जाने की इजाजत नहीं थीं. ऐसे में उन्होंने उनसे कहा कि उनकी दोस्त भूमि के पापा अस्पताल में भर्ती हैं और वो उन्हें देखने जा रही है. श्वेता ने ये बात सुनकर पलक को जाने तो दिया, लेकिन जब उन्होंने भूमि को फोन किया पलक से बात कराने को कहा, तो उसने कहा कि वो अभी वो पापा को देखने अंदर गई है. दूसरे दोस्त को फोन किया, तो उसने कहा कि वो वॉशरूम में हैं.

श्वेता तिवारी जब वॉक के लिए थोड़ी देर बाद निकलीं, तो उन्हें पकल की दोस्त भूमि के पिता भी वॉक करते हुए मिल गए. श्वेता ने उनसे कहा कि बच्चों ने बताया कि आप अस्पताल में भर्ती हैं. श्वेता की बात सुनकर जब उन्होंने भूमि को फोन किया, तो उसने कहा कि पलक की मम्मी हॉस्पिटल में एडमिट हैं, उन्हें देखने आए हैं.

## लीप के बाद रोनित रॉय लेंगे 'अनुपमा' में एंट्री? एक्टर ने खुद बताया सच





टीवी के पॉपुलर शोज में से एक अनुपमा में 15 साल का जेनरेशन लीप आने वाला है. रूपाली गांगुली और गौरव खन्ना स्टारर इस शो में लीप के बाद कहानी और इसके कलाकारों में काफी बदलाव देखने को मिलेगा. लीप के बाद शो का प्रोमो सामने आ चुका है, जिसमें कई नए कलाकार भी नजर आए हैं. बीते दिनों ऐसी खबरें सामने आई थी कि लीप के बाद अनुपमा में रोनित रॉय नजर आ सकते हैं.अनुपमा में आ रहे लीप की वजह से कई कलाकारों ने हाल ही में शो को अलविदा कह दिया, जिसके बाद मेकर्स ने नए स्टार्स को शो में कास्ट किया है. लीप के बाद शो में काफी कुछ बदलने जा रहा है जिसे देखने के लिए अनुपमा फैन्स एक्साइटेड हैं. ऐसा कहा जा रहा है कि अनुपमा में रोनित रॉय एंट्री ले सकते हैं. अब एक्टर ने खुद इसे लेकर सच बताया है.

**अनुपमा का हिस्सा होंगे रोनित रॉय ?**

ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि एक्टर रोनित रॉय जल्द ही अनुपमा में एक अहम किरदार निभाते हुए दिखाई दे सकते हैं. शो में जेनरेशन गैप की वजह से मेकर्स कहानी को और ज्यादा रोमांचक बनाने के लिए सितारों की तलाश कर रहे हैं. लोगों का कहना था कि रोनित रॉय शो में शामिल हो सकते हैं लेकिन रोनित रॉय अनुपमा का हिस्सा नहीं होंगे.

**नहीं दिया कोई ऑडिशन**

टाइम्स नाउ से बातचीत करते हुए रोनित रॉय ने इस खबर को महज अफवाह बताया है. एक्टर ने इस बात की पुष्टि की कि ये रिपोर्ट झूठी है और इसमें कुछ भी सच नहीं है. रोनित रॉय ने बताया कि मैंने शो के लिए कोई ऑडिशन नहीं दिया है.

**नए किरदारों की झलक**

शो के मेकर्स राजन शाही और डायरेक्टर्स कट प्रोडक्शन (डीकेपी) ने हाल ही में जेनरेशन लीप की एक झलक जारी की है. प्रोमो क्लिप में शिवम खजूरिया उर्फ प्रेम और आध्या उर्फ अलीशा परवीन जैसे नए किरदारों की झलक देखने को मिली थी. अब ये देखना दिलचस्प होगा कि शो की कहानी आगे कैसे बढ़ती है.

## सलमान खान से लेकर संजय दत्त तक, इन सितारों को मिल चुकी है जान से मारने की धमकी, एक की तो हो गई थी मौत



एनसीपी (अजित पवार) के नेता बाबा सिद्दीकी को सरेआम चलती सड़क पर गोली मार दी गई. इसके बाद उन्हें अफरा-तफरी में अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई. यह घटना 12 अक्टूबर की है. बाबा सिद्दीकी का कनेक्शन राजनीति के साथ ही साथ बॉलीवुड की तमाम छोटी-बड़ी हस्तियों के साथ भी था. जानकारी के मुताबिक, पिछले 15 दिनों से बाबा सिद्दीकी की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई थी, क्योंकि उन्होंने ये जाहिर किया था कि उनकी जान को खतरा है.बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद से कई जगह ये भी बताया जा रहा है कि उन्हें कुछ दिन पहले जान से मारने की धमकी मिली थी. हालांकि, इनके जैसे ही कई बॉलीवुड स्टार्स को इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं, जिसमें कई बड़े-बड़े सेलिब्रिटी का भी नाम शामिल है. कुछ पर तो गोलियां भी चल चुकी हैं.

**गुलशन कुमार**

टी-सीरीज इंडस्ट्री का बहुत बड़ा नाम है, जिसके मालिक गुलशन कुमार को भी जान से मारने की धमकी दी गई थी. हालांकि, ये धमकी ऐसी ही नहीं थी, उन पर ताबड़तोड़ गोली चलाई गई थी, जिसमें उनकी मौत हो गई थी. गुलशन कुमार की मौत के बाद उनकी मौत की जिम्मेदारी दाऊद इब्राहिम ने ली थी.

**राकेश रोशन**

बॉलीवुड के फेमस फिल्म मेकर राकेश रोशन को भी एक बार नहीं बल्कि कई बार जान से मारे जाने की धमकी दी जा चुकी है. एक बार तो इन धमकियों के बीच उन पर गोली भी चला दी गई थी, हालांकि यह गोली उनके हाथ में लगी थी. अस्पताल में कुछ दिन का ट्रीटमेंट कराने के बाद वो पूरी तरह से ठीक हो गए थे.

**महेश भट्ट**

फिल्ममेकर महेश भट्ट भी अंडरवर्ल्ड के चंगुल से बच नहीं पाए हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, 12-13 लोगों के एक ग्रुप ने महेश भट्ट पर अटैक करने की प्लानिंग की थी. हालांकि, मुंबई पुलिस ने अंडरवर्ल्ड की इस साजिश को नाकामयाब कर दिया.

**शाहरुख खान**

बॉलीवुड के बादशाह कहे जाने वाले शाहरुख खान को भी अंडरवर्ल्ड की तरफ से कई बार धमकी दी जा चुकी है. उन पर लगातार अंडरवर्ल्ड के साथ काम करने का प्रेशर दिया गया है और साथ ही फिल्मों की कमाई से हिस्सा भी मांगा गया है.

**अक्षय कुमार**

गैंगस्टर रवि पुजारा की तरफ से अक्षय कुमार को भी मारने की धमकी मिल चुकी है. दरअसल, ये धमकी उन्हें तब मिलनी शुरू हुई जब उन्होंने अपने यहां काम करने वाले नौकर को नौकरी से निकाल दिया था. गैंगस्टर ने कहा था कि अक्षय ने उस नौकर को काम से हटाकर अच्छा नहीं किया है.




## किसके साथ रिलेशनशिप में हैं

# श्रद्धा कपूर

## शादी पर एक्ट्रेस ने क्या बताया?

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर एक ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है. इस फिल्म की सक्सेस की खुशी में फिल्म से जुड़े सभी स्टार्स आज भी झूम रहे हैं. 'स्त्री 2' क बाद से श्रद्धा कपूर की फैन फॉलोइंग में काफी इजाफा हुआ है. हालांकि, श्रद्धा की प्रोफेशनल लाइफ से लेकर पर्सनल लाइफ के बारे में उनके फैन्स काफी बेताब रहते हैं. एक इंटरव्यू में श्रद्धा ने अपने रिलेशनशिप में होने की बात का खुलासा किया है.



श्रद्धा कपूर हाल ही में रिलेशनशिप के बारे में बात की, इसके साथ ही उन्होंने शादी के बारे में भी अपने विचार सामने रखे. श्रद्धा ने अपनी शादी के बारे में बात करते हुए बताया कि ये डिसीजन एक अच्छे पार्टनर पर डिपेंड करता है. उन्होंने अपने पार्टनर के बारे में बात करते हुए ये भी बताया कि उन्हें अपने पार्टनर के साथ टाइम बिताना बहुत अच्छा लगता है. इन बातों के साथ ही उन्होंने रिश्तों के लेकर सुझाव भी दिया है.

**पार्टनर के साथ समय बिताना है पसंद**

श्रद्धा कपूर ने बताया कि उन्हे फेरीटेल लव स्टोरी काफी अट्रैक्ट करती है. साथ ही ये भी कहा कि जब तक वो अपने पार्टनर के साथ हैं तब तक उन्हें किसी और की जरूरत नहीं है. कॉस्मोपॉलिटन के साथ हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने बिना नाम लिए अपने पार्टनर के बारे में बात की. श्रद्धा ने अपने पार्टनर के साथ समय बिताने की बात करते हुए कहा कि मुझे अपने पार्टनर के साथ वक्त बिताना काफी अच्छा लगता है, मुझे उनके साथ फिल्में देखना, डिनर पर जाना और घूमना बहुत पसंद है.

**शादी के लिए चाहिए सही साथी**

इंटरव्यू के दौरान जब श्रद्धा शादी के बारे में सवाल किया गया और इसके साथ ही शादी को लेकर आज की जेनरेसन के बारे में भी पूछा गया. इस पर श्रद्धा ने बताया कि शादी के लिए सही साथी के साथ होना चाहिए. अभी की जेनरेशन के बारे में उन्होंने ये भी बताया कि कुछ लोग शादी नहीं करना चाहते वो भी अपनी जगह सही होते हैं.कई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, श्रद्धा राहुल मोदी के साथ रिलेशनशिप में हैं. हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इस खबर की पुष्टि नहीं की है.

## ओलंपिक पदक विजेता भारतीय कप्तान हरमनप्रीत पर लगी बड़ी बोली, सूरमा हॉकी क्लब ने 78 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सात साल बाद वापस आ रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 के प्लेयर ऑक्शन की शुरुआत हो चुकी है। ऑक्शन के पहले दिन खिलाड़ियों पर जमकर पैसों की बरसात हो रही है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के ओलंपिक पदक विजेता कप्तान हरमनप्रीत सिंह पर सबसे बड़ी बोली लगी है। उन्हें सूरमा हॉकी क्लब ने 78 लाख रुपये की भारी भरकम खर्च कर अपने साथ जोड़ा है। वहीं बेहतरीन मिडफील्ड एवं उप-कप्तान हार्दिक सिंह को यूपी रुद्रार्स ने 70 लाख रुपये में अपने नाम किया। नई दिल्ली में 13 से 14 अक्टूबर तक आयोजित ऑक्शन में सबसे पहली बोली फॉरवर्ड गुरजंत सिंह पर लगी। उन्हें सूरमा हॉकी क्लब ने 19 लाख की रकम के साथ अपने साथ जोड़ा है। गुरजंत के बाद मनदीप सिंह पर बोली लगी। मनदीप सिंह को 25 लाख में और मनप्रीत सिंह को 42 लाख में टीम गोनासिका ने अपने नाम किया। सुखजीत सिंह को बंगाल टाइगर्स ने 42 लाख में खरीदा। अभिषेक 72 लाख रुपये की बड़ी रकम में श्राची ररह बंगाल टाइगर्स में गए। डिफेंडर अमित रोहिदास को तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 48 लाख, नीलकंठ शर्मा को हैदराबाद तूफान ने 34 लाख, ललित कुमार उपाध्याय को यूपी रुद्रार्स ने 28 लाख में, उभरते सितारे विवेक सागर प्रसाद 40 लाख में सूरमा हॉकी क्लब में तथा जुगराज सिंह 48 लाख में श्राची ररह बंगाल टाइगर्स में शामिल हुए।

## आठ फ्रेंचाइजी ने नीलामी में पहले दिन 18 विदेशी सहित 54 खिलाड़ी खरीदे

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी के पहले दिन सभी आठ फ्रेंचाइजी ने 18 विदेशी सहित 54 खिलाड़ियों को 16 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपये की बोली लगाकर खरीदा।फ्रेंचाइजी कलिंगा लांसर्स ने सर्वाधिक 257 लाख रूपये खर्च किये। इसके बाद यूपी रुद्र ने 206 लाख रूपये, हैदराबाद तूफान ने 204 लाख रूपये, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 196 लाख रूपये, दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 181 लाख रूपये, सूरमा हॉकी क्लब ने 162 लाख रूपये, श्राची ररह बंगाल टाइगर्स ने 144 लाख रूपये और टीम गोनासिका ने 161 लाख रूपये खर्च किये। सूरमा हॉकी क्लब ने भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को 78 लाख रुपये की सबसे बड़ी बोली लगाकर टीम में शामिल किया। वहीं अभिषेक को श्राची ररह बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा। हरमनप्रीत सिंह उर्फ सरपंच साहब को जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाले सूरमा हॉकी क्लब ने खरीदा। क्लब ने इससे पहले गुरजंत सिंह को (19 लाख) में खरीदा था। क्लब ने स्टार ड्रैग-फ्लिकर और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह (78 लाख) की बोली लगाकर अपनी टीम शामिल किया। नीलामी में अभिषेक दूसरे सबसे महंगी खिलाड़ी रहे। जिन्हें श्राची ररह बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख में खरीदा जबकि हार्दिक सिंह को यूपी रुद्रस ने 70 लाख में खरीदा।

## बंगाल के गेंदबाजों ने उत्तर प्रदेश को बढ़त लेने से रोका

**लखनऊ।** कप्तान आर्यन जुयाल (92) और सिद्धार्थ यादव (73) के साहसिक प्रदर्शन के बावजूद बंगाल के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के चलते मेजबान उत्तर प्रदेश रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में अपने घरेलू मैदान पर पहली पारी में मेहमान टीम से बढ़त हासिल नहीं कर सका। इकाना स्टेडियम पर बंगाल की पहली पारी के 311 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश की पहली पारी में 292 रन पर सिमट गयी। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के समय बंगाल ने अपनी दूसरी पारी में बगैर विकेट खोये 141 रन बना लिये थे। अभिमन्यु ईश्वरन 78 और सुदीप चटर्जी 59 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। मैच के चौथे और अंतिम दिन सोमवार को बंगाल की कोशिश पहले सत्र में तेज खेल कर एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने की होगी ताकि वे मेजबान टीम पर दवाब बना कर सीधी जीत दर्ज कर सकें वहीं यूपी का प्रयास ड्रा मैच से एक अंक बटोरने का होगा। यूपी की पहली पारी में बढ़त लेने के इरादों पर अनुभवी मुकेश कुमार (43 रन पर चार विकेट) और शाहबाज अहमद 96 रन पर चार विकेट) ने पानी फेरा। शतक की ओर बढ़ रहे आर्यन को मुकेश ने पगबाधा आउट किया। वह अपने कल के स्कोर पर मात्र दो रन ही जोड़ सके वहीं अपने अगले ही ओवर में उन्होने अक्षदीप नाथ (0) का विकेट लेकर मेजबान टीम को जोर का झटका दिया।

## 'ऑनर रन' में दौड़े सेना के जवान व नागरिक

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर में भारतीय सेना के शूरवीरों के सम्मान में 'ऑनर रन' के तहत आयोजित दौड़ में 500 से अधिक सेना के जवान और अन्य गणमान्य नागरिकों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि 'एक दौड़ शूरवीरों के नाम' विषय पर आधारित इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के शूरवीरों के साहस और बलिदान को सम्मानित करना और साथ ही फिटनेस एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल हरबिन्दर सिंह वन्द्रा ने धावकों को ध्वज दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह दौड़ विजय द्वार, वैशाली नगर से शुरू होकर गाण्डीव स्टेडियम पर समाप्त हुई। प्रसिद्ध मैराथन चैम्पियन अनीता जानू ने भी इस आयोजन में भाग लिया और धावकों का मार्गदर्शन किया। साथ ही जयपुर के धावकों में 'जयपुर रनर्स' के सह संस्थापक रवि गोएनका और मुकेश मिश्रा सहित जयपुर रनर्स के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया सहित अन्य धावक शामिल हुए। कर्नल शर्मा ने बताया कि यह आयोजन केवल एक फिटनेस कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशभक्ति और शूरवीरों के प्रति सम्मान का प्रतीक बना। यह दौड़ भारतीय सेना के वीरों को सम्मान देने और फिटनेस को बढ़ावा देने के प्रयास का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनी।

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया

एजेंसी

**दांबुला।** वेस्टइंडीज ने सलामी बल्लेबाजों ब्रैडन किंग (63) तथा एविन लुइस (50) के शानदार अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से श्रीलंका को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच विकेट से हरा दिया हैं। श्रीलंका के 179 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज टीम के सलामी बल्लेबाजों ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी की।

दसवें ओवर में पतिराना ने एविन लुइस (50) को विक्रमसिंघे के हाथों कैच आउट कराकर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया। अगले ही ओवर में हसरंगा ने नये बल्लेबाज शे होप को अपनी ही गेंद पर लपक लिया। होप केवल सात रन बना पाए। 12वें की चौथी गेंद पर कामिंडु ने ब्रैडन किंग (63) को कुसल के हाथों कैच आउट करा श्रीलंका को तीसरी सफलता दिला दी। श्रीलंका के गेंदबाज तीक्षणा ने 17वें रोवमन पॉवेल (13) को हसरंगा के हाथों कैच कराकर और 18वें ओवर में पतिराना रॉस्टन चेज (19) को मेंडिस के हाथों कैच आउट करा कर टीम के लिए जीत की उम्मीद जगाई लेकिन शरफेन



रदरफोर्ड नाबाद (14) और रोमारियो शेफर्ड (एक) नाबाद ने पांच गेंद शेष रहते टीम को जीत दिला दी। श्रीलंका की ओर से मतीशा पतिराना ने दो तथा महीश तीक्षणा, वानिंदु हसरंगा तथा कामिंडु मेंडिस ने एक-एक विकेट लिए।

इससे पहले श्रीलंका ने कप्तान चरित असलंका (59) तथा कामिंडु मेंडिस (51) के अर्द्धशतकों की बदौलत 179 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। वेस्टइंडीज ने आज रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम खेले जा रहे इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। श्रीलंका की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में शेफर्ड ने सलामी बल्लेबाज पतुम निसंका (11) को होप के हाथों कैच कराकर वेस्ट इंडीज को पहली सफलता दिलायी। उस समय टीम का स्कोर 20 रन था। टीम के स्कोर में अभी सात रन और जुडे ही थे कि अगले ही ओवर में मोती ने कुसल परेरा को जोसेफ ने शमार के हाथों कैच आउट करा दूसरा झटका दे दिया। परेरा ने छह रन बनाए। तीसरे विकेट के रुप में मोती ने कुसल मेंडिस (छह) को बोल्ड आउट कर इंडीज को तीसरी सफलता दिला दी।

इसके बाद कामिंड मेंडिस और कप्तान असलंका ने संभलकर खेलते हुए टीम के स्कोर को 140 रनों तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर स्प्रिंगर ने कामिंड मेडिंस को (51) चेज के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा।

जोसेफ ने पांचवें विकेट के रुप में असलंका को लुइस के हाथों कैच कराया। असलंका ने सर्वाधिक 59 रनों का योगदान दिया। भानुका राजापाक्षा को शेफर्ड ने मोती के हाथों कैच आउट करा जबकि वानिंदु हसरंगा रन आउट हुए।चामिंदु विक्रमसिंघे तथा महीश तीक्षणा दोनों चार-चार रन पर नाबाद रहे। वेस्ट इंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने दो तथा अल्जारी जोसेफ , शमार जोसेफ , गुडाकेश मोती तथा शमार स्प्रिंगर ने एक-एक विकेट लिया।

वेस्टइंडीज़ ने आज का मैच जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली।

## एचआईएल: सूरमा हॉकी क्लब ने सरदार सिंह, रानी रामपाल को बनाया कोच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली फ्रैंचाइज सूरमा हॉकी क्लब की कमान भारतीय हॉकी के दिग्गज सरदार सिंह और रानी रामपाल संभालेंगे। सरदार सिंह सूरमा हॉकी क्लब में पुरुष मेंटर और भारतीय कोच के रूप में शामिल होंगे, जबकि रानी महिला मेंटर और भारतीय कोच की जिम्मेदारी संभालेंगी। सूरमा हॉकी क्लब की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुरुष टीम की कोचिंग व्यवस्था में सरदार सिंह के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कोच जेरोन बार्ट, एनालिटिकल कोच माइकल कॉस्मा और तकनीकी सलाहकार अर्जुन हलप्पा शामिल होंगे। वहीं, रानी के अलावा जूड मेनेजेस (अंतरराष्ट्रीय कोच), हरविंदर सिंह (सहायक कोच) और सीन डांसर (एनालिटिकल कोच) महिला टीम की कमान संभालेंगे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह भारत के लिए 314 मैच खेल चुके हैं। सरदार, 2013 में एचआईएल के पहले संस्करण में, दिल्ली वेवराइडर्स के साथ प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट चुने गए थे। उन्होंने तब से लीग के सभी संस्करण खेले हैं और रिटायरमेंट के बाद भारतीय सब जूनियर और हॉकी5 टीमों को कोचिंग दी है।सरदार ने कहा, जेएसडब्ल्यू ने मुझ पर अपार विश्वास दिखाया है और मुझे सूरमा हॉकी क्लब की पुरुष टीम का मेंटर चुना है। हॉकी इंडिया लीग युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और कोचों के लिए एक बेहतरीन मंच है। यह खेल के प्रशंसकों के लिए भी एक शानदार उत्पाद है। मैं अपना ज्ञान साझा करने और भारत के युवा खिलाड़ियों को बाकी कोचिंग टीम के साथ नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करने के लिए उत्सुक हूं। यह एक रोमांचक परियोजना है और हम इसे सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

'भारतीय हॉकी क्वीन' के नाम से मशहूर रानी ने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपने शानदार प्रदर्शन से महिलाओं की एक पीढ़ी को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए 254 मैचों में 205 गोल किए हैं और टीम का अहम हिस्सा रही हैं, जिसने 2020 में टोक्यो ओलंपिक के तीसरे/चौथे स्थान के लिए क्वालीफाई करके अभूतपूर्व ऊंचाई हासिल की थी। रानी ने कहा, मैं हॉकी के खेल में खिलाड़ी होने के अलावा अन्य क्षेत्रों को तलाशने की कोशिश कर रही थी। इसलिए, जब सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर और कोच बनने का मौका मेरे पास आया, तो मैंने इसे स्वीकार करने का फैसला किया। यह पहली बार है जब देश में महिलाओं के लिए इस स्तर की लीग आयोजित की जा रही है और यह हॉकी के मानक को बढ़ाने में मदद करेगी।

## ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक मुकाबले में भारत को नौ रन से हराया

एजेंसी

**शारजाह।** ग्रेस हैरिस (40), कप्तान तालिया मैक्ग्रा (32) और एलिस पेरी (32) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के आखिरी ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी-20 विश्वकप के 18वें मैच में भारत को रोमांचक मुकाबले में नौ रनों से हार का सामना करना पड़ा।सोफी मोलिन्यू को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। ऑस्ट्रेलिया के 151 रनों के जवाब में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में शेफाली वर्मा (20) का विकेट गवां दिया। शेफाली को एश्ली गार्डनर ने आउट किया। इसके बाद छठें ओवर में सोफी मोलिन्यू नेस्मृति मंधाना (छह) को पगबाधा आउट किया। दीप्ति शर्मा ने 25 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 29 रनों की जूझारू पारी खेली। ऋचा घोष (एक) पर रनआउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर की ने 47 गेंदों में (नाबाद 54) की अर्द्धशतकीय पारी खेली। आखिरी ओवर में यह अलाम था कि हरमनप्रीत कौर एक छोड़ पर खड़ी रह गयी और विकेट गिरते गये। भारत निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सका और नौ रन से मैच हार गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सोफी मोलिन्यू और ऐनाबेल सदरलैंड ने दो- दो विकेट लिये। मेगन शूट और एश्ली गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में 17 के स्कोर पर रेणुका सिंह ने एक के बाद एक दो विकेट झटके। बेथ मूनी (2) और



जॉर्जिया वेयरहम (शून्य) पर आउट हुई। इसके बाद कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने ग्रेस हैरिस के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिय 62 रन जोड़े। दीप्ति ने ऐलिस पेरी (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एश्ली गार्डनर (6) वस्त्रकर का शिकार बनी। ग्रेस हैरिस 40 को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। ऐनाबेल सदरलैंड (10) और सोफी मोलिन्यू (शून्य) पर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (15) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन बनाये।

भारत की ओर से रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। श्रेयंका पाटिल, पूजा वस्त्रकर और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद हरमनप्रीत ने कहा- हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर सके

एजेंसी

**शारजाह।** आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ रन से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह और दीप्ति शर्मा अपनी साझेदारी के दौरान कुछ ढीली गेंदों को सही से हिट नहीं कर सकीं,जिसके कारण अंततः टीम की हार हुई। एनाबेल सदरलैंड के शानदार अंतिम ओवर की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने शारजाह में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप मैच में मात्र नौ रन से जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर यह था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं थी और उसके पास कुछ बेहतरीन ऑलराउंडर भी थे। हरमनप्रीत ने कहा, मुझे लगता है कि उनकी पूरी टीम योगदान देती है, वे एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं रहते हैं, उनके पास कई ऑलराउंडर हैं जो योगदान देते हैं। हमने भी अच्छी योजना बनाई थी और हम खेल में मौजूद थे।

उन्होंने आसानी से रन नहीं दिए और इसे मुश्किल बना दिया। वे एक अनुभवी टीम हैं। यह कुछ ऐसा है जो आपके नियंत्रण में नहीं है, आपको हमेशा अपने प्लेइंग इलेवन को तैयार रखना होता है, भले ही एक या दो खिलाड़ी बाहर हों। उन्होंने कहा, राधा ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, वह खेल में थी और उसने अच्छा क्षेत्ररक्षण भी किया। आपको टीम में ऐसे चरित्र की आवश्यकता होती है जो हमेशा मौजूद रहे। यह एक ऐसा लक्ष्य था जिसे हासिल किया जा सकता था।

जब मैं और दीप्ति बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर पाए। हम ऑस्ट्रेलिया से बहुत कुछ सीख सकते हैं।

जो कुछ भी हमारे हाथ में था, हम उसे करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन यह हमारे नियंत्रण में नहीं था। अगर हमें एक और गेम खेलने का मौका मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा। लेकिन अन्यथा, जो भी टीम सेमीफाइनल में होने का हकदार है, वह वहां होगी।

## अफरीदी, नसीम पाकिस्तान की टेस्ट टीम से बाहर

एजेंसी

**मुल्तान।** पाकिस्तान ने फिटनेस और फॉर्म का हवाला देते हुए इंग्लैंड के होने वाले दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को टीम से बाहर कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान में कहा गया है कि मुख्य खिलाड़ियों के स्थायी फॉर्म और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए इन तीन खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया गया है। नयी चयन समिति में नियुक्त किए गए आकिब जावेद ने इन तीन खिलाड़ियों को बाहर किये जाने पर कहा, ÷हमें विश्वास है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से यह ब्रेक इन खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस, आत्मविश्वास और मानसिक स्थिरता वापस पाने में मदद करेगा, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर स्थिति में लौटेंगे। वे अभी भी हमारे सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से हैं और पाकिस्तान क्रिकेट में योगदान देने के लिए तैयार हैं। हम इस अवधि के दौरान उन्हें पूरी तरह से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि वे और भी मज़बूत होकर वापसी कर सकें।

चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान की टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कमरान गुलाम, हसीबुल्लाह और स्पिनर मेहरान मुमताज को टीम में शामिल किया है। साथ ही अनुभवी स्पिनर साजिद खान और नोमान अली को भी टीम में जगह दी है।

## कैमरन ग्रीन के पीठ की होगी सर्जरी, भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

एजेंसी

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की रीढ़ की हड्डी में तनाव फ्रैक्चर के लिए सर्जरी होगी, जिससे वह भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। टीम के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, रिकवरी का समय लगभग छह महीने होने का अनुमान है। सर्जरी के लिए आगे बढ़ने का फैसला कैमरनके एक ऑलराउंडर के रूप में दीर्घकालिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया गया है। ग्रीन को इंग्लैंड में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पीठ के निचले हिस्से में तनाव फ्रैक्चर का पता चला था, जिससे भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में अटकलें



लगाई जा रही थीं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा था कि ग्रीन इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें न्यूजीलैंड के विशेषज्ञों से सर्जरी करवानी चाहिए, जिन्होंने पहले भी तेज गेंदबाजों की मदद की है। विकल्प यह था कि सर्जरी के बिना ही उन्हें ठीक किया जाए और ग्रीन को भारत सीरीज में केवल बल्लेबाज के रूप में खेलने दिया जाए। हालांकि, ग्रीन की स्थिति अधिक जटिल थी, इसलिए सर्जरी बेहतर थी। प्रवक्ता ने कहा, जबकि तेज गेंदबाजों में रीढ़ की हड्डी में तनाव फ्रैक्चर असामान्य नहीं है,पूरी तरह से परामर्श के बाद यह तय किया गया कि कैमरनको सर्जरी से लाभ होगा और भविष्य में इसके फिर से होने का जोखिम कम होगा। ग्रीन की अनुपस्थिति का मतलब ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव होगा, क्योंकि 25 वर्षीय ग्रीन ने अपने पिछले चार टेस्ट मैचों में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है।

## एचआईएल नीलामी के पहले दिन के बाद श्रीजेश ने कहा- हमने ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों को चुना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी के पहले दिन विभिन्न फ्रैंचाइज़ियों के प्रमुख लोगों ने अपनी टीम की संरचना और नीलामी प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए, जिससे आने वाले सत्र के लिए उनका आत्मविश्वास और उत्साह झलका। दिल्ली एसजी पाइपर्स के निदेशक और सहायक कोच पीआर श्रीजेश ने टीम के चयन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने टीम की संतुलित प्रकृति पर जोर दिया, जिसमें अनुभवी विदेशी और प्रतिभाशाली भारतीय खिलाड़ियों का मिश्रण शामिल है। श्रीजेश ने कहा, हमने एक अच्छी टीम चुनी है, जिसमें एक विदेशी गोलकीपर भी शामिल है। ज़्यादातर, हमने भारतीय खिलाड़ियों को चुना है, जिससे डिफेंस और मिडफील्ड में पर्याप्त खिलाड़ियों के साथ एक संतुलित टीम तैयार हुई है। अह हमें फॉरवर्ड और मिडफील्ड पोजीशन पर ध्यान



केंद्रित करने की ज़रूरत है। टीम के साथ अपनी परिचितता को दर्शाते हुए, उन्होंने कहा, मैं उन खिलाड़ियों को जानता हूँ जो हमारे साथ हैं; वे मेरे जूनियर हैं। एक खिलाड़ी आपको खेल नहीं जिता सकता; जीत तो टीम को ही मिलती है। दिल्ली एसजी पाइपर्स के कोच ग्राहम रीड, जो टोक्यो ओलंपिक में भारत के कांस्य पदक विजेता कोच थे, ने कहा, भारत में वापस आकर बहुत अच्छा लगा। मैं सभी भारतीय खिलाड़ियों, खासकर युवा खिलाड़ियों और रोहित से खुश हूं। श्रीजेश, शिवा और फिजियो के साथ हमारी टीम में कुछ सुधार हुआ है। ओलंपिक के बाद मैंने शायद लाखों बातें कही हैं; भारतीय हॉकी बेहतर से बेहतर होती जा रही है। मुझे हॉकी इंडिया को इसे एक साथ लाने के लिए बधाई देनी होगी। यह खेल के लिए अद्भुत है। यह हॉकी के लिए बहुत बढ़िया है, दर्शकों के लिए बहुत बढ़िया है, हॉकी को टीवी पर वापस देखना अच्छा होगा।यूपी रुद्रास टीम के कोच, पॉल वैन ऐस ने तनावपूर्ण लेकिन पुरस्कृत नीलामी प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने उनके चयन में रणनीतिक योजना पर जोर दिया। उन्होंने कहा, मुझे यह बहुत पसंद आया; यह बहुत अच्छा था। भारतीय ओलंपिक खिलाड़ियों के लिए बहुत तनाव था, और इसमें अधिक समय लगा क्योंकि हर कोई उनके लिए बोली लगा रहा था। यह भारतीय हॉकी के लिए एक प्लस है। मैं अपेक्षाकृत शांत था क्योंकि हमारे पास अच्छी योजनाएँ थीं। हमें हार्दिक मिला, जो मुझे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक लगता है। मैं सभी खिलाड़ियों से खुश हूँ। जैसे-जैसे एचआईएल नीलामी आगे बढ़ रही है, टीमें और कोच प्रतिस्पर्धी टीमों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो आगामी सत्र के लिए बढ़ते उत्साह और प्रत्याशा को दर्शाता है। रणनीतिक योजना पर जोर और अनुभवी और युवा प्रतिभाओं का मिश्रण हॉकी के एक रोमांचक सत्र का वादा करता है।

## केन्याई धावक रूथ चेपनगेटिच ने शिकागो में तोड़ा महिला मैराथन का विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** केन्या की रूथ चेपनगेटिच ने इतिहास रचते हुए शिकागो में महिलाओं की मैराथन का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया। उन्होंने पिछले सर्वश्रेष्ठ से लगभग दो मिनट पीछे रहकर दो घंटे, नौ मिनट और 56 सेकंड का अनौपचारिक समय लेकर दौड़ पूरी की। चेपनगेटिच ने शिकागो में अपना तीसरा खिताब जीता और इथियोपिया की टिगस्ट अस्सेफा के पिछले साल बर्लिन में बनाए गए 2:11:53 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इथियोपिया की सुतुमे केबेडे ने दो घंटे 16 मिनट और 36 सेकंड बाद रेखा पार की, जबकि केन्या की इरीन चेप्टाई (2:17:51) तीसरे स्थान पर रहीं।

रिकॉर्ड तोड़ने के बाद चेपनगेटिच ने कहा, मेरा सपना सच हो गया है,जिसका समय मूल रूप से 2:09:57 दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में इसे समायोजित कर दिया गया। चेपनगेटिच ने शुरू से ही



तेज रफ़्तार पकड़ी, पहले पाँच किलोमीटर 15 मिनट में दौड़ीं और आधे रास्ते तक उन्होंने खुद और केबेडे के बीच 14 सेकंड का अंतर बना लिया। 2019 की विश्व चैंपियन चेपनगेटिच रेस पूरी करने के बाद थककर झुक गईं और अपने प्रदर्शन को हमवतन केल्विन किप्टम को समर्पित किया, जिन्होंने एक साल पहले शिकागो में पुरुषों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था और चार महीने बाद एक कार दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी।

उन्होंने कहा, विश्व रिकॉर्ड मेरे दिमाग में था, शिकागो, जैसा कि मैंने पहले भी कहा, मेरे घर जैसा है।

**केन्या के कोरिर ने जीता पुरुष वर्ग का खिताब**

केन्या के जॉन कोरिर ने 2 घंटे 2 मिनट 44 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय लेकर पुरुषों की शिकागो मैराथन का खिताब जीता। 27 वर्षीय कोरिर ने अपनी पहली बड़ी मैराथन जीत हासिल की। दूसरे नंबर पर इथियोपिया के मोहम्मद ईसा (2:04:39) और तीसरे नंबर पर केन्याई अमोस किप्रूटो (2:04:50) रहे।

## नेपाल के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए यूएसए टीम घोषित

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** पूर्व कप्तान स्टीवन टेलर को इस सप्ताह के अंत में नेपाल के खिलाफ होने वाली टी20आई सीरीज के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है, वहीं तेज गेंदबाज अली खान की वापसी हुई है। 31 वर्षीय टेलर, विश्व कप और नीदरलैंड में 50 ओवर की सीरीज में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। वह नीदरलैंड में टी20आई टीम का हिस्सा थे, लेकिन सीरीज से पहले एकदिनी श्रृंखला में चोट लगने के बाद उन्हें 'आराम' दिया गया था। विश्व कप के बाद से अपनी पिछली 7 पारियों में 13 की औसत से रन बनाने वाले नीतीश कुमार को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया। कनाडा के पूर्व कप्तान, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप में टीम की अगुवाई की थी, ने भारत के खिलाफ 27 रनों की प्रभावशाली पारी के बाद अपना फॉर्म खो दिया। समित पटेल एक बार फिर कमर की चोट के कारण छह सप्ताह तक खेल से बाहर रहेंगे, जिससे वह टी20 सीरीज के बाद 50 ओवर की त्रिकोणीय सीरीज से भी बाहर हो जाएंगे। हालांकि यूएसए अपने करिश्माई तेज गेंदबाज अली खान से उत्साहित होगा। 33 वर्षीय खिलाड़ी नीदरलैंड दौरे को छोड़ने और पैर की चोट के कारण एक्शन से बाहर रहने के बाद विश्व कप के बाद पहली बार यूएसए की टीम में खेलने के लिए तैयार है, जिसके कारण उन्हें ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ सीपीएल सीजन से बाहर होना पड़ा। एरॉन जोन्स नामीबिया दौरे के बजाय यूएसए के साथ सेंट लूसिया किंग्स के लिए सीपीएल में खेलने को प्राथमिकता देने के बाद फिर से टीम में शामिल हो गए हैं। यह समझा जाता है कि जोन्स को नेपाल श्रृंखला के लिए नजरअंदाज किया जा सकता था। मोनांक पटेल टीम की कप्तानी करेंगे, क्योंकि नामीबिया में टी20 मैचों में कंधे की चोट के कारण उन्हें आराम दिया गया था। उत्कर्ष श्रीवास्तव ने लगातार तीसरे यूएसए दौरे के लिए टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। 17 वर्षीय श्रीवास्तव ने टीम में अपनी घोषणा के बाद से यूएसए के लिए खेले गए 15 मैचों में से केवल एक में ही हिस्सा लिया है।

नेपाल के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए यूएसए की टीम- मोनांक पटेल (कप्तान), एंड्रीज गौस, अभिषेक पराडकर, अयान देसाई, हरमीत सिंह, जुआनॉय ड्रिस्डेल, मिलिंद कुमार, अली खान, नोस्तुषा केंजीगे, जसदीप सिंह, एरॉन जोन्स, सैतेजा मुक्कमल्ला, शायन जहांगीर, उत्कर्ष श्रीवास्तव, यासिर मोहम्मद।

## तेलंगाना के नितिन ने मध्य प्रदेश के श्रृषभ को दी मात, राजस्थान के प्रेम सिंह ने दिल्ली के शौर्य को हराया

एजेंसी

**लखनऊ।** सनराईज डा. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्वालिफाइंग राउंड खेले गये। शहर के कई स्टेडियमों प्रतियोगिता दोपहर बाद से शुरू होकर देर शाम तक चलती रही। इसमें खिलाड़ियों ने जमकर उत्साह दिखाया। एकल मुकाबले में तेलंगाना के नितिन राघवेन्द्र ने मध्यप्रदेश के ऋषभ को कड़ी टक्कर में 12-15, 15-8, 15-9 से हरा दिया। राजस्थान के प्रेम सिंह चौहान ने दिल्ली के शौर्य को सीधे मुकाबले में 19-17, 15-12 से हराया। हरियाणा के जसकरन सिंह ने उप्र के अरुण श्रीवास्तव को कड़ी टक्कर में 15-5, 10-15, 15-3 से मात देकर बढ़त बना ली।

उत्तरांचल के तुशार भंडारी ने उप्र के आर्यन चौधरी को 15-8, 15-12 से हरा दिया। तेलंगाना के अभिनव कृष्णा ने दिल्ली के विशु 15-5, 15-9 से मात दे दी। वहीं तमिलनाडु के किर्थी लक्ष्मी को उत्तराचंल के कनक को कड़ी टक्कर में 15-10, 7-15, 15-7 से हरा दिया। जम्मू-कश्मीर उन्नाती ने उप्र के गरीमा रावत को 15-9, 15-5 से हरा दिया। आंध्र प्रदेश के फरीहा सनी ने हरियाणा के कोमल को 15-6, 15-9 से मात दे दी।

